संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 25 सितंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हरदीप सिंह पुरी 'मोटो जीपी भारत' के ट्रॉफी के साथ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 256 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

# जी20 से भारत की साख बढ़ी: पीएम मोदी

= पीएम मोदी ने कार्यक्रम में 27 सितंबर को होने वाले विश्व पर्यटन दिवस और शांति निकेतन-होयसड़ा मंदिर की भी चर्चा की

**मन की बात**

**8 भारत ने जी20 समिट में अफ्रीका को फुल मेंबर बनवाकर अपनी लीडरशिप का लोहा मनवाया है: पीएम**









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मन की बात** के 105वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 और जी20 समिट की सफलता पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे चंद्रयान की सफलता के लिए कई पत्र मिले। भारत ने इस समिट में अफ्रीका को फुल मेंबर बनवाकर अपनी लीडरशिप का लोहा मनवाया है। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में जर्मनी की एक लड़की की भी चर्चा की। वो देख नहीं पाती, लेकिन संस्कृत के श्लोक इतने आसानी से गाती हैं जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह जाए। पीएम ने कार्यक्रम में 27 सितंबर को होने वाले विश्व पर्यटन दिवस और शांति निकेतन-होयसड़ा मंदिर की भी चर्चा की।

**जर्मनी की 21 साल की दृष्टिहीन कैसमी का भारतीय संगीत से प्रेम** : जर्मनी की कैसमी, इन दिनों इंस्टाग्राम पर छाई हुई है। कैसमी कभी भारत नहीं आई। लेकिन भारतीय संगीत की दीवानी है। वे जन्म से देख नहीं सकती हैं, लेकिन ये चुनौती उन्हें रोक नहीं पाई। 3 साल की उम्र में संगीत से जुड़ने वाली कैसमी ने तबला बजाना भी सीखा है। कई भारतीय भाषाओं में महारत हासिल कर चुकी हैं। असमी बंगाली मराठी तमिल में गाती हैं।

**राजस्थान पुष्कर के सुखदेव भट्ट और उनकी कोबरा टीम: पीएम ने कहा कि** बीते कुछ साल में देश में शेर, बाघ, तेंदुआ और हाथियों की संख्या बढ़ी है। कई कोशिशें जारी हैं, ताकि दरती पर रहने वाले दूसरे जीवों को बचाया जा सके। एक प्रयास राजस्थान के पुष्कर में सुखदेव भट्ट और उनकी टीम जानवरों को बचाने में लगी है। उनकी टीम खतरनाक सांपों का रेस्क्यू करती है। टीम एक कॉल पर पहुंच जाती है। अब तक 30 हजार से ज्यादा सांपों का रेस्क्यू किया है। लोगों का खतरा दूर हुआ, प्रकृति का संरक्षण भी। ये बीमार जानवरों की मदद करते हैं

**तमिलनाडु के राजेंद्र प्रसाद का कबूतर प्रेम** :तमिलनाडु के ऑटो ड्राइवर एम राजेंद्र प्रसाद अनोखाकाम कर रहे हैं। वे पिछले 30 साल से कबूतरों की सेवा में जुटे हैं।

## पीएम ने 9 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार (24 सितंबर) को 9 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। ये ट्रेनें 11 राज्यों के बीच कनेक्टिविटी को बढ़ाएंगीं। इन राज्यों में राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिमी बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात शामिल हैं। इस मौके पर पीएम ने कहा- नए भारत के नए लोग नए उत्साह और नई उमंग का प्रतीक है। मुझे इस बात की खुशी है कि वंदे भारत का क्रेज बढ़ रहा है। इससे अब तक 1 करोड़ 11 लाख से ज्यादा यात्री सफर कर चुके हैं। देश के अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोगों को अब तक 25 वंदे भारत ट्रेनों की सुविधा मिल रही है। अब इसमें 9 और वंदे भारत जुड़ जाएंगीं। प्रधानमंत्री ने रेलवे स्टेशन के विकास पर पर भी बात की। उन्होंने कहा कि देश के कई रेलवे स्टेशन गुलामी के काल में बने थे। विकसित होते भारत को अपनी गुलामी के प्रतीक इन रेलवे स्टेशनों को भी डेवलप करना होगा। अमृत काल में डेवलप होने वाले रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन कहे जाएंगे। पीएम ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब देश का हर क्षेत्र वंदे भारत से जुड़ जाएगा। ये ट्रेन उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण है जो ट्रेन सफर का समय कम से कम रखना चाहते हें। ये ट्रेन उन लोगों की जरूरत बन गई है, जो एक शहर से दूसरे शहर जाकर एक ही दिन में काम पूरा करके लौटना चाहते हैं। रेलवे स्टेशन कोई भी हो, उसका स्थापना दिवस यानी जन्मदिवस होता है।

**फास्ट न्यूज**

### कानून सरल भाषा में होना चाहिए: जज

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने कानूनी पेशे में सरल भाषा के इस्तेमाल की बात कही है, ताकि आम आदमी को इसे समझने में आसानी हो। रविवार 24 सितंबर को शीर्ष कोर्ट ने ये भी कहा कि कानून के आसान भाषा में होने से लोग भी सोच-समझकर फैसला लेंगे और किसी भी तरह के उल्लंघन से बच पाएंगे। कानून हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा होते हैं, ये हमें कंट्रोल करते हैं। इसलिए इनकी भाषा आसान होनी चाहिए। जस्टिस संजीव खन्ना ने इंटरनेशनल लॉयर कॉन्फ्रेंस में स्पीच के दौरान यह कमेंट किया। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी। जस्टिस खन्ना ने ये भी कहा कि यह बात हमारी बहस और फैसलों पर भी लागू होती है। क्या लॉ एक पहेली है, जिसे सॉल्व करने की जरूरत है। कानून विवादों को सुलझाने के लिए हैं, ना कि खुद विवादित बनने के लिए। कानून देश के नागरिकों के लिए रहस्य नहीं होना चाहिए।

**मनमानी फीस वसूली न्याय के रास्ते में बाधा- जस्टिस खन्ना**
जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि मुकदमेबाजी और कानूनी पेशे का बिजनेस चिंता का विषय है। मुकदमे की बढ़ती लागत और वकीलों की मनमानी फीस की वजह से कई लोगों को न्याय नहीं मिलता। यह इंसाफ के रास्ते में बड़ी बाधा है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि न्याय सभी के लिए सुलभ रहे। इस पेशे से जुड़े लोग आत्मनिरीक्षण करें।

### भारतीय फुटबॉल टीम एशियाई खेलों के प्री-क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली/हांगझोऊ:** भारतीय फुटबॉल टीम ने एशियाई खेलों के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। रविवार को ग्रुप ए में म्यांमार के खिलाफ मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा, जिसका फायदा उठाकर भारतीय टीम ने प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब प्री-क्वार्टर फाइनल में भारतीय टीम का मुकाबला मजबूत सऊदी अरब की टीम के साथ होगा। मुकाबले में भारत की ओर से पहला गोल आया। भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने 23वें मिनट में टीम के लिए पहला गोल दागा। हॉफ टाइम तक भारत 1-0 से आगे रहा। दूसरे हॉफ में म्यांमार ने वापसी की। म्यांमार की ओर से 76वें मिनट में गोल कर मैच को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद मैच में एक भी गोल नहीं हुआ। इस तरह मुकाबले 1-1 की बराबरी पर छूटा। एशियाई खेलों में भारत को अपने पहले मुकाबले में मेजबान चीन के खिलाफ 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि, अपने दूसरे मुकाबले में वापसी करते हुए भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल की थी।

### निकहत जरीन ने एशियाई खेलों में जीत के साथ की शुरूआत

**नई दिल्ली/हांगझोऊ।** विश्व चैंपियन भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन ने चीन के हांगझोऊ में खेले जा रहे एशियाई खेलों में विजयी शुरूआत की है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'मोटो जीपी भारत' के अंतिम दिन ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में मोटो जीपी की मुख्य रेस का अवलोकन किया और रेस में विजयी रहे मार्को बेजेची को प्रतियोगिता की ट्रॉफी भी प्रदान की।

## वारदात: कारोबारी के इकलौते बेटे की किडनैपिंग के बाद हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/प्रयागराज**
**प्रयागराज के** शंकरगढ़ में कारोबारी के 13 साल के इकलौते बेटे की किडनैप करके हत्या कर दी गई। रविवार सुबह बच्चे का शव चित्रकूट के जंगल में मिला है। शनिवार शाम को बच्चे के अपहरण के 5 घंटे बाद पिता के मोबाइल पर बदमाशों की एक कॉल आई। इसमें कहा था कि 15 लाख रुपए लेकर रीवा के डभऊरा के जंगल में आओ...नहीं तो तुम्हारे बेटे को गोली मार देंगे। पिता ने यह सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने नंबर सर्विलांस पर लगाकर जांच शुरू की। हालांकि, पुलिस किडनैपर्स तक पहुंचे इससे पहले ही सुबह 8 बजे के करीब बच्चे की लाश जंगल में मिल गई।

## 'एमपी-छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की जीत पक्की'

राजस्थान में करीबी मुकाबला, लेकिन सरकार बनाएंगे; तेलंगाना भी जीत सकते हैं: राहुल

**दावा**

**8 राजस्थान में मुकाबला करीबी हो सकता है, लेकिन उन्हें यकीन है जीत कांग्रेस की ही होगी**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राहुल गांधी ने** दावा किया है इसी साल होने वाले पांच राज्यों के चुनावों में कांग्रेस मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीत रही है। तेलंगाना जीत सकते हैं। राजस्थान में मुकाबला करीबी हो सकता है, लेकिन उन्हें यकीन है जीत कांग्रेस की ही होगी। राहुल गांधी रविवार को दिल्ली में एक इवेंट में मौजूद थे, वहीं उन्होंने ये बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई हथकंडे अपनाती है। रमेश बिधूड़ी का संसद में दूसरे सांसद को गाली देना और एक देश-एक चुनाव का विचार लाना उन्हीं में से एक है। राहुल ने यह भी कहा कि जब भी संसद में कोई बात रखी जाती है, तो वे ध्यान भटकाने के लिए ऐसी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। हमने सीख लिया है, इससे कैसे निपटना है। कर्नाटक चुनाव से सबक सीखकर पार्टी का नैरेटिव बनाया राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव से बहुत जरूरी सबक सीखा है कि भाजपा ध्यान भटकाती है। वह हमें अपना नैरेटिव बनाने से रोकती रही।

### 'असली मुद्दों से मुकाबला नहीं कर सकती भाजपा'

**राहुल** गांधी ने विपक्षी अलायंस इंडिया चीजों के साथ खुद को ढाल रहा है और एक साथ काम कर रहा है। विपक्ष के साथ भारत की 60% आबादी है। हम निश्चित रूप से 2024 के आम चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को सरप्राइज देने वाले हैं। राहुल ने दावा किया कि उनकी पार्टी ऐसी स्थिति में ढल रहे हैं जहां भाजपा मीडिया को नियंत्रित करती है।

**असली मुद्दों से मुकाबला नहीं कर सकती भाजपा:** भारत में असली मुद्दे गरीबी, बेरोजगारी, निचली जाति, ओबीसी और आदिवासियों से अन्याय और महंगाई हैं। भाजपा उनसे मुकाबला नहीं कर सकती। इसलिए कहती है- आइए बिधूड़ी जी एक बयान दें। आइए एक साथ आएं और एक साथ चुनाव कराएं।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो: 500 से अधिक विदेशी बायर्स ने कराया रजिस्ट्रेशन

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएड**
**यूपी इंटरनेशनल** ट्रेड शो के तीसरे दिन रविवार को 500 से अधिक विदेशी बायर्स ने रिजिस्ट्रेशन कराया जोकि इस आयोजन के लिए शानदार सफलता मानी जा रही है। योगी सरकार के दूरदर्शी सोच का परिणाम इस इंटरनेशनल ट्रेड शो ने अपने पहले ही प्रयास में देसी-विदेशी खरीदारों का विश्वास जीत लिया है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन योगी सरकार करा रही है। जहां, देसी बायर्स के अलावा बड़ी संख्या में एशियाई, यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका से बायर्स खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं ट्रेड शो के तीसरे दिन रविवार को इलेक्ट्रॉनिक आईटीएस मैनुफेक्चरिंग एंड एक्सपोर्ट विषय पर रहा। जिसके अंतर्गत एक्सपर्ट्स ने उत्तर प्रदेश- लीडिंग द ग्रोथ टू इंडियाज आईसीटी मैनुफेक्चरिंग एंड एक्सपोर्ट विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर यूपीईसीएल के चेयरमैन संदीप निरूला ने कहा कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक-आईसीटी मैनुफेक्चरिंग एंड एक्सपोर्ट में तेजी से ग्रोथ कर रहा है।



**एक्सपोर्ट ग्रोथ**

**8 विशेषज्ञ जता रहे भरोसा आने वाले समय में कई दिग्गज सॉफ्टवेयर कंपनियां करेंगी यूपी में निवेश**

## 'महिला विजिटर्स कर रही नारेबाजी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शिवसेना** (उद्धव गुट) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ को चिट्ठी लिखी है। इसमें 21 सितंबर को संसदीय कार्यवाही के दौरान महिला विजिटर्स की तरफ से की गई नारेबाजी पर एक्शन की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के वक्त सांसदों की तरफ से बुलाई गई कुछ महिलाओं ने राजनीतिक नारेबाजी की थी। प्रियंका ने इस पत्र की जानकारी देते हुए बताया कि महिला विजिटर्स सांसदों के न्योते पर आई थीं। किसी भी विजिटर को संसदीय कार्यवाही के दौरान बात करने की अनुमति नहीं होती।

## एशियन गेम्स: भारत की झोली में पांच पदक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चीन** के हांगझोऊ में खेले जा रहे एशियन गेम्स में भारत की शानदार शुरूआत हुई है। रविवार को भारत की झोली में एक के बाद एक पदक आए हैं। सुबह दो पदक जीतने के बाद तीन और पदक भारत की झोली में आए हैं। भारत के लिए तीसरा पदक पुरुषों के कॉक्सलेस पेयर इवेंट में आया। भारतीय जोड़ी लेख राम और बाबू लाल यादव ने कांस्य पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने 6:50:41 के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके बाद पुरुष कॉक्स 8 इवेंट से भारत के लिए एक और पदक आया। नीरज, नरेश कलवानिया, नीतिश कुमार, चरणजीत सिंह, जसविंदर सिंह, भीम सिंह, पुनित कुमार, आशीष और धनंजय उत्तम पांडे की भारतीय टीम ने 05:43.01 के समय के साथ दूसरे नंबर पर रहते हुए रजत पदक अपने नाम किया। भारत के लिए महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में शूटर रमिता ने एक और पदक दिलाया। रमिता ने 10 मीटर एयर राइफल में भारत को कांस्य पदक दिलाया है। इससे पहले सुबह मेहुली घोष, रमिता और आशी चौकसे की भारतीय महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम ने एशियाई खेलों में देश के लिए पहला पदक जीता।



**पदक पर कब्जा**

**8 भारत की झोली में एक के बाद एक पदक आए हैं। दो पदक जीतने के बाद तीन और पदक भारत की झोली में आए**

## एनआईए ने मणिपुर से संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**नेशनल** इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने मणिपुर से एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी के अधिकारी ने शनिवार 23 सितंबर को यह जानकारी दी। उनका दावा है कि आरोपी म्यांमार स्थित टेरर ग्रुप का सदस्य है। वो मणिपुर में हो रही जातिया हिंसा का इस्तेमाल देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के लिए करने की साजिश कर रहा था।

**ब्रॉशर जारी** कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में जनता को समर्पित की 12 करोड़ रुपये की विकासात्मक परियोजनाएं

## सीएम सुक्खू ने राज्य स्तरीय कुल्लू दशहरा समिति की बैठक की अध्यक्षता की

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस वर्ष 24 से 30 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के पूर्वावलोकन कर्टन रेजर कार्यक्रम का शुभारंभ कर इसका ब्रॉशर जारी किया। गत दिवस को राज्य स्तरीय कुल्लू दशहरा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उत्सव इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उत्सव के लिए क्षेत्र में निर्बाध परिवहन सुविधा सुनिश्चित करने के दृष्टिगत मंडी-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत कार्य युद्ध स्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान प्रदेश विशेषकर कुल्लू जिले में पर्यटन क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद आपदा के दौरान जिला प्रशासन, विभिन्न विभागों, संगठनों एवं लोगों द्वारा राहत एवं पुनर्वास कार्यों के लिए दिया गया योगदान प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि हिमाचल एक बार फिर पर्यटकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है और आगामी कुल्लू दशहरा उत्सव इस संबंध में एक मील पत्थर साबित होगा। पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहन प्रदान करने में दशहरा उत्सव की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव वास्तव में एक वैश्विक कार्यक्रम बनने के लिए तैयार है। विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दलों के साथ-साथ रूस, इजराइल, रोमानिया, कजाकिस्तान, क्रोएशिया, वियतनाम, ताइवान, थाईलैंड, पनामा, ईरान, मालदीव, मलेशिया, कीनिया, दक्षिण सूडान, जाम्बिया, घाना और इथियोपिया सहित 19 देशों के प्रतिभागी उत्सव में एक विविध और अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक झलक दिखायेंगे।



**दशहरा की तैयारी**

**8 सीएम ने अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के पूर्वावलोकन कार्यक्रम का शुभारंभ किया**

## खालिस्तान समर्थकों पर एनआईए का एक्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**सिख फॉर जस्टिस** (एसएफजे) के मुखिया और खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की चंडीगढ़ और अमृतसर में प्रॉपर्टी जब्त करने के बाद एनआईए ने खालिस्तानी समर्थकों की नई लिस्ट जारी की है। एनआईए लिस्ट में 19 खालिस्तानी समर्थकों के नाम शामिल हैं और जो भारत से भाग विदेशों में छिपकर देश के खिलाफ ही षडयंत्र रचते हैं। इन सभी की भी प्रॉपर्टी को अटैच करने की तैयारी चल रही है। इस लिस्ट में जिन खालिस्तानी समर्थकों के नाम दर्ज हैं, वे सभी कनाडा, अमेरिका, यूके, ऑस्ट्रेलिया और दुबई आदि देशों में बैठ भारत के खिलाफ ही प्लानिंग करते हैं। इतना ही नहीं, भारत में इन सभी के नाम भगोड़ों की सूची में दर्ज है। इस लिस्ट में परमजीत सिंह पम्मा, कुलवंत मुठड़ा, सुखपाल सिंह, सरबजीत बेनूर, कुलवंत, गुरप्रीत सिंह, हारजप, हरप्रीत सिंह, रणजीत नीटा, गुरमीत सिंह, जसमीत हकीमजादा, गुरजंत ढिल्लन, लखबीर रोड़े, अमरदीप पुरेवाल, जतिंदर ग्रेवाल, दुपिंदर जीत, एस हिम्मत सिंह, वाधवा सिंह (बब्बर चाचा) और जे धालीवाल के नाम शामिल है।

**ओसीआई कार्ड रद्द करने की तैयारी :** भारत इसके साथ ही एक और कार्रवाई करने की तैयारी में है। विदेशों में बैठ भारत के खिलाफ ही षड़यंत्र रचने वाले खालिस्तानी समर्थकों की एनआईए ने पहचान करनी शुरू कर दी है। बीते एक साल में भारत के खिलाफ खालिस्तानी मूवमेंट का हिस्सा बनने वाले समर्थकों को एनआईए ढूंढ रही है। इन सभी के ओसीआई कार्ड रद्द करने की प्लानिंग भी चल रही है।

ओसीआई वे भारतीय कार्ड है, जो विदेश में रहने वाले एननआरआई को दोहरी नागरिकता प्रदान करता है।

**सख्ती**

**8 कनाडा-दुबई समेत 5 देशों में बैठे 19 खालिस्तानियों की लिस्ट तैयार, निज्जर-पन्नू जैसे प्रॉपर्टी जब्त होग**

# नाबालिग बन रहे पुलिस के लिए सिरदर्द

## टशन, नशा, मस्ती और सोशल मीडिया पर छा जाने की ललक बना रही अपराधी





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**'नाम बदनाम,** पता कब्रिस्तान, उम्र जीने की, शौक मरने का'...। राजधानी के तेजी से उभरते माया गैंग की सोशल मीडिया पर डाली गई टैग लाइन दिल्ली में बढ़ते नाबालिगों के आतंक की पर्याय है। टशन, नशा, मौज-मस्ती और सोशल मीडिया पर छा जाने की ललक इन नाबालिगों को अपराध के दलदल में घसीट रही है। चंद दिनों पूर्व बालिग हुए माया गैंग के कारनामे न केवल समाज, बल्कि पुलिस के लिए भी सिरदर्द बने हुए हैं। माया तो बस एक मिसाल भर है, राजधानी में नाबालिग अपराधियों कई गैंग जिनमें 78-गैंग, शाहदरा शूटर्स, बदनाम गैंग, संजू गैंग और न जाने कितने गैंग अपना सिक्का जमाने में जुटे हैं। वर्चस्व कायम करने, टशन, मौजमस्ती नशा और सोशल मीडिया पर छा जाने के लिए नाबालिग बहुत तेजी से अपराध की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जानकारों का कहना है कि शिक्षा की कमी, नशे की लत, हिंसात्मक फिल्में और वेब सीरीज इनके जीवन में बहुत नकारात्मक असर डाल रहे हैं। समय पर सही रास्ता न दिखाए जाने की वजह से बाद में यह बड़े अपराधी बन जाते हैं।

**अमेजन के सीनियर मैनेजर की हत्या में सामने आया नाम:** 31 अगस्त को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में अमेजन के सीनियर मैनेजर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। छानबीन हुई तो हत्याकांड में माया गैंग का नाम सामने आया। पुलिस ने समीर उर्फ माया नामक लड़के को गिरफ्तार भी कर लिया। हत्याकांड की जांच हुई तो पता चला कि चंद ही दिनों पहले माया बालिग हुआ है। बालिग होने से पूर्व उसने व उसके नाबालिग साथियों ने चार लोगों की महज टशन में हत्या कर दी और कई पर जानलेवा हमला भी किया।

**सोशल मीडिया पर छा जाने का जुनूनः** इन नाबालिग लड़कों को सोशल मीडिया पर छा जाने का इतना जनून है कि ज्यादातर लड़कों ने फेसबुक, यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम और दूसरे सोशल मीडिया पर अपने अकाउंट बनाकर वहां हथियारों के साथ अपने वीडियो और गाने तक डाले हुए हैं।

### नाबालिगों के कुछ ताजा अपराध

**20 सितंबर 2023:** गाजीपुर में चार नाबालिगों ने युवक की चाकू घोंपकर हत्या की, चारों को पकड़ा

**10 सितंबर 2023:** संगम विहार में आठ नाबालिगों ने युवक को चाकू से घोंपकर हत्या, आठ दबोचे

**31 अगस्त 2023:** माया गैंग ने अमेजन के सीनियर मैनेजर की हत्या, मामा को भी गोली मारी

**30 अगस्त 2023:** जामिया नगर के बटला हाउस में नाबालिग ने युवक की गला रेतकर हत्या की

**हमला**

8 नाबालिग साथियों ने चार लोगों की महज टशन में हत्या कर दी और कई पर जानलेवा हमला भी किया

# मोबाइल लूट का विरोध करना युवक को पड़ा भारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**शास्त्री पार्क** इलाके में मोबाइल लूट का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। बदमाश ने बीच सड़क युवक पर ताबड़तोड़ बेल्ट बरसा दी। युवक के अधमरा होने पर बदमाश उसका मोबाइल लूटकर ले जाने लगा। राहगीरों की जैसे ही नजर पड़ी, उन्होंने बदमाश को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। घायल हाशिम की शिकायत पर शास्त्री पार्क थाना पुलिस ने लूट समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अनस के रूप में हुई। हाशिम अपने परिवार के साथ उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में रहते हैं।

# डेंगू के साथ-साथ फैल रहा है स्वाइन फ्लू, सामने आए 67 मामले

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** में इन दिनों डेंगू के साथ-साथ स्वाइन फ्लू का संक्रमण भी फैला हुआ है। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले माह दिल्ली में स्वाइन फ्लू के 36 मामले आए। इस वजह से पिछले माह तक दिल्ली में स्वाइन फ्लू के कुल 67 मामले आ चुके हैं। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पतालों में अब भी स्वाइन फ्लू के मामले देखे जा रहे हैं। इसके अलावा इन्फ्लूएंजा ए के एच3एन2 वायरस के संक्रमण से पीड़ित मरीज भी पहुंच रहे हैं। डॉक्टर बताते हैं कि एच3एन2 के मरीज अधिक देखे जा रहे हैं। यह स्वाइन फ्लू (एच1एन1) की तुलना में कम खतरनाक है। दोनों के संक्रमण में एक जैसे लक्षण होते हैं। सामान्य तौर पर फ्लू से संक्रमित लोगों को खांसी, जुकाम, गले में दर्द, 102 से 103 डिग्री फारेनहाइट तक बुखार व सांस इत्यादि की परेशानी होती है। लेकिन स्वाइन फ्लू में गंभीर बीमारी होने की आशंका अधिक रहती है और सांस फूलने की परेशानी अधिक हो सकती है। इस वजह से लोगों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। खांसी, जुकाम, गले में दर्द और तेज बुखार के साथ सांस लेने में परेशानी हो तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए।

डॉक्टर के परामर्श के बगैर दुकान से दवा लेकर खुद से इलाज सेहत के लिए महंगा पड़ सकता है।




# जेएनयू में लगातार कम हो रही है छात्राओं की संख्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जवाहरलाल** नेहरू विश्वविद्यालय में पिछले सालों में छात्राओं की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। एक और देश में बेटियों को शिक्षा से जोड़ने का काम चल रहा है जबकि जेएनयू में छात्रों की तुलना में छात्राओं की संख्या घट रही है। यह खुलासा जेएनयू शिक्षक संघ ने अपनी रिपोर्ट में किया है। उनका कहना है कि शोध छात्रों का अनुपात वर्ष 2016-17 में 62.2 फीसदी था, जोकि वर्ष 2021-22 में 46 फीसदी रह गया है। जेएनयू टीचर्स एसोसिएशन ने विश्वविद्यालय प्रशासन की वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर विवि के कामकाज और नीति निर्धारण पर सवाल उठाए हैं। जेएनयू शिक्षक संघ की सदस्य प्रो. आयशा किदवई ने कहना था कि एनटीए द्वारा प्रौद्योगिकी-संचालित प्रवेश परीक्षा को अपनाने के लिए विश्वविद्यालय की अपनी प्रवेश परीक्षाओं को बंद करने और अनुसंधान कार्यक्रमों में प्रवेश में वंचित अंक प्रणाली को खत्म करने से छात्रों की संरचना प्रभावित हुई है। वहीं, संघ की पूर्व सचिव प्रोफेसर मौसमी बसु ने कहा कि जेएनयू शोध पाठ्यक्रमों के लिए जुलाई से पहले प्रवेश परीक्षा आयोजित कर लेता था। जबकि एनटीए के कार्यभार संभालने के बाद अकादमिक कलेंडर गड़बड़ा गया है। प्रो. बसु का यह भी आरोप है कि दाखिला प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्रों की संख्या भी कम कर दी गई है। इसके कारण महिला उम्मीदवार दूर के केंद्रों में जाकर परीक्षा नहीं दे पाती है। अन्य शिक्षकों का आरोप है कि बार-बार नीतिगत बदलावों के कारण विश्वविद्यालय के हालात खराब हो रहे हैं। वर्ष 2019 से, जेएनयू ने प्रवेश परीक्षाओं को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को आउटसोर्स कर दिया है, जो अब केवल एमसीक्यू के साथ कंप्यूटर-आधारित प्रशिक्षण आयोजित करती है। जबकि 2017 में जेएनयू ने शोध छात्रों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नवीनतम प्रवेश नियमों को अपनाया। इसमें जेएनयू ने अपनी वंचित अंक नीति को समाप्त कर दिया।



**रिपोर्ट**

8 शोध छात्रों का अनुपात वर्ष 2016-17 में 62.2 फीसदी था, जोकि वर्ष 2021-22 में 46 फीसदी रह गया है

# संसद में विवादित बयानः स्पीकर साहब मामला देख रहेः बिधूड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**संसद के** विशेष सत्र में चर्चा के दौरान बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी ने बीएसपी के सांसद दानिश अली पर की अपत्तिजनक टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर स्पीकर साहब गौर कर रहे हैं। रमेश बिधूड़ी ने लोकसभा में सांसद दानिश अली पर की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस मामले को स्पीकर (ओम बिड़ला) गौर कर रहे हैं, इस वजह से में मामले पर कोई भी टिप्पणी नहीं करना चाहता। इसके बाद बीजेपी नेता वहां से आगे की ओर चले जाते हैं।

**स्पीकर ने दी एक्शन की चेतावनी :** दरअसल, संसद के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता पर चर्चा हो रही थी तभी भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिस पर देश भर में हंगामा मचा हुआ है।

उनकी इस टिप्पणी पर कई विपक्षी दलों के नेता दानिश अली का समर्थन कर बीजेपी नेता पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**नो कमेंट**

8 इस मामले को स्पीकर गौर कर रहे हैं, इस वजह से में मामले पर कोई भी टिप्पणी नहीं करना चाहता

# लूटे गए चार करोड़ के मोबाइल कोरियर से भेज दिए बांग्लादेश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली-एनसीआर** से चोरी किए और लूटे गए मोबाइल फोन कोरियर के जरिये पश्चिम बंगाल होते हुए बांग्लादेश भेजे जा रहे थे। दक्षिण-पूर्व जिले के एंटी नारकोटिक्स स्क्वायड ने इस गोरखधंधे का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को दबोचा है। आरोपियों की पहचान अकील अहमद, नवाब शरीफ और साबिर सरदार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 25 लाख कीमत के 112 मोबाइल बरामद किए हैं। आरोपियों ने महज एक साल के भीतर करीब 4.50 करोड़ के 2240 मोबाइल फोन कोरियर के जरिये विदेश भेज दिए। पकड़े गए दो आरोपी मोबाइल रिपेयरिंग शॉप और तीसरा आरोपी डॉक्युमेंटेशन शॉप चलाता है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर जांच कर रही है।

दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि राजधानी में मोबाइल फोन चोरी, लूट और झपटमारी की काफी वारदात हो रही हैं। बदमाशों की धरपकड़ के लिए जिले के एंटी नारकोटिक्स स्क्वायड को जांच में लगाया गया। छानबीन के दौरान 19 सितंबर को टीम को सूचना मिली कि चोरी के मोबाइल का जैतपुर इलाके में सौदा होने वाला है। फौरन मौके पर जाल बिछाकर अकील अहमद और नवाब शरीफ को दबोच लिया। इनके पास से कुल 112 मोबाइल फोन बरामद हुए। छानबीन की गई तो पुलिस ने नौ मोबाइल फोन को अलग-अलग केस से लिंक कर लिया। बाकी फोन दिल्ली-एनसीआर से चोरी या लूट गए हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने मोबाइल को पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजने की बात बताई। दोनों के खुलासे के बाद पुलिस ने तीसरे आरोपी साबिर सरदार को पश्चिम बंगाल के बोनगांव से दबोच लिया। पूछताछ के दौरान साबिर सरदार ने कई खुलासे किए।




**खुलासा**

8 आरोपियों ने एक साल के भीतर करीब 4.50 करोड़ के 2240 मोबाइल फोन कोरियर के जरिये विदेश भेज दिए

# 56 लाख गंवाने के बाद भी ज्वैलर की जान सांसत में

## दाऊद के गुर्गे दे रहे हैं मारने की धमकी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**द्वारका में 56** लाख के गहने गंवाने के बाद एक ज्वेलर की जान सांसत में है। ज्वेलर को गहने वापस मांगने पर दाऊद इब्राहिम के गुर्गे से जान से मारने की धमकी मिल रही है। ऐसे में ज्वेलर ने दुकान जाना बंद कर दिया है और पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। ज्वेलर की शिकायत पर द्वारका साउथ थाने की पुलिस ने धोखाधड़ी, अमानत में ख्यानत और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कर लिया है। पीड़ित का द्वारका में ज्वेलरी का शोरूम है। पीड़ित ने बताया कि ढाई माह पहले एक ग्राहक ने उसके शोरूम से 56 लाख के गहने मंगवाए। उसने शाम को पैसे देने की बात कही। शाम को कर्मचारी जब ग्राहक के पास पैसे लेने गए तो उसने एक सप्ताह बाद पैसे देने की बात कही। उसके बाद पीड़ित लगातार फोन करता रहा, लेकिन ग्राहक ने फोन पर बात नहीं की। पता चला कि उसका दुबई आना जाना है। एक दिन फोन करने पर उक्त ग्राहक गालियां देने लगा और जान से मारने की धमकी दी। कहा कि उसका दाऊद इब्राहिम की डी कंपनी से संबंध है। उसने परिवार सहित मारने और कारोबार बंद करवाने की धमकी दी। पीड़ित ने कुछ दिन पहले आरोपी को फोन किया। आरोपी ने उसे एक शख्स से बात करवाई, जिसने बताया कि वह डी कंपनी का गुर्गा है। उसके बाद पीड़ित को दुबई के नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने उसे फिर धमकाया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उससे बातचीत के बाद वह काफी डरा हुआ है। उसने शोरूम पर जाना भी बंद कर दिया है। उसने अपने और परिवार की सुरक्षा की चिंता सता रही है। कारोबारी ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। पीड़ित ने पुलिस को फोन नंबर मुहैया करवाया है, जिससे उसे दुबई से फोन कर धमकी दी गई थी। पुलिस का कहना है कि मामले की तकनीकी जांच चल रही है।

**धमकी**

8 ज्वेलर को गहने वापस मांगने पर दाऊद इब्राहिम के गुर्गे से जान से मारने की धमकी मिल रही है

# कारोबारी का अपहरण कर वसूली गई फिरौती

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बंगाल के** सिलीगुड़ी शहर से एक कारोबारी को दिल्ली बुलाया गया और साजिश के तहत उसका अपहरण कर घरवालों से फिरौती वसूली गई। आरोपितों को जब लगा कि अब उनका मकसद पूरा हो गया है तो उन्होंने अपहृत शख्स को अंजान जगह पर छोड़ दिया और फरार हो गए। जिस शख्स का अपहरण हुआ, उसकी शिकायत पर थाना पुलिस ने प्राथमिकी कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल इस मामले में किसी भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले की छानबीन जारी है।

**गंगटोक घूमने के दौरान सिलीगुड़ी में हुई थी भेंट:** जिस शख्स का अपहरण हुआ, उसका नाम बबलू है। बबलू सिलीगुड़ी के सुपर मार्केट में सेब का थोक कारोबार करते है। बबलू ने पुलिस को बताया कि सेब खरीदने के लिए वह दिल्ली में आजादपुर आते रहते है। यहां से सेब खरीदकर वे सिलीगुड़ी में बेच देते हैं। कुछ समय पहले हरियाणा का रहने वाला अजय घूमने के लिए गंगटोक गया था। इस दौरान सिलीगुड़ी में अजय आया था, जहां वॉट्सएप नंबर का आदान प्रदान हुआ। अजय ने बबलू को कहा, "दिल्ली आओ तो मुझे बताना, मैं तुम्हें दिल्ली की सैर कराउंगा।" बातचीत के दौरान ही बबलू सेब खरीदने के सिलसिले 20 सितंबर को दिल्ली आए। इन्होंने अजय को अपने आने की बात कही। बबलू यहां इंडिगो के विमान से टर्मिनल 2 पर उतरे। अजय ने इनके लिए एक टैक्सी भेजी। टैक्सी ने इन्हें सड़क पर कहीं उतार दिया। यहां अजय स्कूटी लेकर इनका इंतजार कर रहा था। इसके बाद अजय बबलू को लेकर एक कमरे में पहुंचा। यहां अजय का एक साथी पहले से था। आरोप है कि यहां इन्हें दोनों ने कमरे में बंद कर दिया। इनका मोबाइल भी ले लिया। इसके बाद अजय ने कुछ और साथियों को बुला लिया। आरोप है कि बबलू को कार में जबरन बैठाया गया। इनकी पिटाई हुई और जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद इनके स्वजन को फोन कर आरोपित आनलाइन पैसे मंगाते रहे। इसके बाद एक रात इन्हें तबेले पर बांध रखा।



**आरोपी फरार**

8 आरोपितों को जब लगा कि अब उनका मकसद पूरा हो गया है तो उन्होंने अपहृत शख्स को छोड़ दिया

# अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली के** नंद नगरी इलाके से हिट एंड रन का मामला सामने आया है, जहां अज्ञात वाहन चालक युवक को टक्कर मारकर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि नंद नगरी थाना पुलिस को आईटीआई-नंद नगरी के सामने वाली सड़क के सामने 25 से 27 वर्षीय एक युवक का शव होने की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा तो यह मामला हिट एंड रन का मालूम होता है। यह मामला रविवार सुबह पौने छह बजे का है।

**युवक की नहीं हुई पहचानः** पुलिस ने आगे बताया कि युवक को हिट करने वाले अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर चालक और वाहन की पहचान की जा रही है। मौके पर कोई गवाह नहीं मिला है। वहीं, अभी युवक की पहचान नहीं की जा सकी है। पुलिस ने शव को जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है और जांच शुरू कर दी है।

**जांच जारी**

8 मौके पर कोई गवाह नहीं मिला है। वहीं, अभी युवक की पहचान नहीं की जा सकी है

# प्रगाति मैदान टनल लूट को 13 लोगों ने दिया था अंजाम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रगति मैदान** टनल में दिनदहाड़े हुई 50 लाख की लूट के मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच पटियाला हाउस कोर्ट में 11 बदमाशों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। एक नाबालिग आरोपित के खिलाफ जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में रिपोर्ट दाखिल की गई है। स्कूटी से रेकी करने वाले दो बदमाश अभी फरार चल रहे हैं। 1417 पन्नों के आरोपपत्र में पुलिस ने 22 लोगों को गवाह बनाया है। पुलिस ने वारदात के तीन माह के अंदर आरोपपत्र दायर किया है। 24 जून को चांदनी चौक के एक आंगड़ियां के दो कर्मचारी 50 लाख रुपये लेकर कैब से गुरुग्राम जा रहे थे। उनका पीछा कर रहे बाइक सवार चार बदमाशों ने प्रगति मैदान टनल में दिनदहाड़े पिस्टल के बल पर रुपये से भरा बैग लूट लिया था। इस दौरान दो बदमाश स्कूटी रेकी भी कर रहे थे।

**11 आरोपितों को हो चुकी है गिरफ्तारी:** इस मामले में नई दिल्ली जिले के तिलक मार्ग थाने में लूटपाट की धारा में एफआइआर दर्ज की गई थी। वारदात की गंभीरता को देखते हुए आगे की जांच के लिए मामला क्राइम ब्रांच को स्थानांतरित कर दिया गया था। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास और चांदनी चौक के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच और कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण करने के बाद पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता समेत 11 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। वारदात में शामिल एक नाबालिग को भी पकड़ा गया। पुलिस टीम ने पूरी तरह से जांच करने और सभी तकनीकी साक्ष्यों को एकत्र कर आरोपपत्र दायर किया है। इस पर कोर्ट में तीन अक्टूबर को सुनवाई होगी।

**नौ धाराओं में दर्ज की गई है एफआइआरः** पुलिस ने मामले में नौ धाराओं में एफआइआर दर्ज की है, जिसमें आइपीसी की धारा 395 डकैती, 397 मृत्यु कारित करने के प्रयत्न से डकैती, 212 अपराधी को पनाह देना, 412 लूट के लिए चोट पहुंचाना 482 वाहन का गलत नंबर लगाना, 120बी/34 आपराधिक साजिश रचना और 25/27 आर्म्स एक्ट व अन्य धाराएं लगाई गईं हैं।

**आरोपपत्र**

8 स्कूटी से रेकी करने वाले दो बदमाश अभी फरार चल रहे हैं। पुलिस ने 22 लोगों को गवाह बनाया



# प्रदूषण से जंग: 15 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सर्दियों में** प्रदूषण से जंग में दिल्ली सरकार इस बार कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती। 15 सूत्रीय विंटर एक्शन प्लान तो तैयार हो ही रहा है, सरकार उन छोटी-मोटी कमियों को भी दूर करने की रूपरेखा बना रही है, जो प्लान को सफल नहीं होने देती। एक अक्टूबर को जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस विंटर एक्शन प्लान लांच करेंगे तो इसके साथ ही छिटपुट खामियों पर नियंत्रण पाने की रणनीति भी अमल में आ जाएगी। चाहे विंटर एक्शन प्लान हो अथवा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप)... इसे लेकर नीचे के स्तर तक जन-साधारण को बहुत जानकारी नहीं रहती। इसीलिए जहां- तहां सूखे पत्तों और कूड़े में आग लगाई जाती रहती है तो ढाबों पर कोयला भी खुलेआम जलना जारी रहता है। इस दिशा में सरकार इस वर्ष कुछ टीमें बनाएगी, जो हर स्तर पर इसे लेकर निचले स्तर तक जागरूकता फैलाएंगी। जरूरत के अनुसार उल्लंघन पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

**वाहनों का धुआं प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह:**
इसी तरह कहने को वाहनों का धुआं प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह माना जाता है। लेकिन धुआं छोड़ रहे वाहन तब भी सड़कों पर प्रदूषण फैलाते घूमते रहते हैं।



# मेले हमारे पुरानी संस्कृति की पहचान है, मेलों से आपसी प्रेम व भाईचारा मजबूत होता है: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल।** मेले हमारे पुरानी संस्कृति की पहचान है, मेलों से हमें अच्छा माहौल मिलता है जिससे आपस में प्रेम व भाईचारा मजबूत होता है। उक्त बातें प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने उपमंडल के गांव मालड़ा सराय में रविवार को आयोजित बाबा खेमचन्द दास जोहड़िया मेले में कहीं। पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो.रामबिलास शर्मा ने बाबा खेमचन्द दास जोहड़िया मन्दिर में माथा टेक बाबा का आर्शिवाद लिया तथा मेले में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि मालड़ा सराय गांव में सैकडो वर्ष पूर्व बाबा खेमचन्द दास उक्त स्थान पर तपस्या करते थे। बहुत खुशी की बात है की मालड़ा सराय के लोग बाबा खेमचन्द दास की याद में गांव



में खेल कूद प्रतियोगिता,जागरण व भंडारे का आयोजन करते है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की अच्छी खेल नीति की वजह से हरियाणा के खिलाड़ियों का खेलों के प्रति रुझान बढ़ा है पूर्व की सरकारों की गलत खेल नीति की वजह से हरियाणा के खिलाड़ियों का खेलों के प्रति रुझान घट गया था। आज प्रदेश का खिलाड़ी देश व विदेश में होने वाले खेलों में हरियाणा का नाम रोशन कर रहा है। उन्होंने कहा कि खेलों के क्षेत्र में हरियाणा प्रदेश के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रदेश का नाम रोशन किया है। आज ओलंपिक में देश के लिए मैडल जीतने वाले सबसे अधिक खिलाड़ियों की संख्या हरियाणा से है। हरियाणा पहला ऐसा राज्य है जिसके पास स्वर्ण पदक, रजत पदक और कांस्य पदक तीनों जीतने वाले खिलाड़ी हैं। इस मेले में कबड्डी व अन्य खेलों का आयोजन भी किया गया। इससे पूर्व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के पुत्र गौतम शर्मा एडवोकेट ने मेला शुभारंभ पर 31 हजार रुपए नगद व एक टीन सैड देने की घोषणा की थी। गांव में पहुंचने पर पूर्व शिक्षा मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा का फुल, माला व पगड़ी पहनकर ग्रामीणों द्वारा गर्म जोशी से स्वागत किया।

**मेले की धूम**

8 पूर्व शिक्षा मंत्री ने गांव मालड़ा सराय में आयोजित बाबा खेमचन्द दास जोहड़िया मेले में भाग लेकर किया प्रसाद ग्रहण

# तीर्थ पूजा एवं वामन पुराण कथा के साथ शुरू होगा दो दिवसीय वामन द्वादशी मेला



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र, (दलबीर मलिक)**
**सोमवार 25 सितंबर** को प्रातः नौ बजे सन्निहित तीर्थ पूजन के साथ दो दिवसीय वामन द्वादशी मेले का शुभारंभ होगा। इसके पश्चात वामन पुराण की कथा का शुभारंभ होगा। इस कार्यक्रम में थानेसर एसडीएम सुरेंद्र पाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला प्रधान रूबल शर्मा होंगे। वामन पुराण की कथा में मुख्य यजमान के रूप में स्थाणेश्वर महादेव मंदिर के व्यवस्थापक महंत रोशन पुरी भाग लेंगे। उत्तरी भारत के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य शुकदेव व्यासपीठ से वामन पुराण की अमृत वर्षा करेंगे। 26 सितंबर को कथा का समापन दोपहर 12 बजे होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त उपायुक्त एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुख्यातिथि के रूप में तथा जिला परिषद के वाइस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी (डीपी) विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर वामन भगवान का आशीर्वाद लेंगे। मेले की तैयारियों को लेकर श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के मुख्य सलाहकार जयनारायण शर्मा ने सभा के सदस्यों की बैठक आयोजित करके मेले के संबंध में ड्यूटियां लगाईं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम हकीकत में नारी समाज का वंदन है: डा.के.लक्ष्मण

**कांग्रेस निशाने पर**

8 कांग्रेस हमेशा ही पिछड़ा वर्ग की विरोधी रही है कभी भी इस वर्ग की हितैषी नहीं रही

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**भारतीय जनता** पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य और राज्य सभा संसद डा.के.लक्ष्मण ने कहा कि कांग्रेस हमेशा ही पिछड़ा वर्ग की विरोधी रही है कभी भी इस वर्ग की हितैषी नहीं रही । डा. लक्ष्मण ने आज स्थानीय पी.डब्लू.डी.रेस्ट हाऊस में प्रेस को संबोधित करते कहा कि देश आजाद होने के बाद पंडित नेहरू के कांग्रेस हमेशा ही पिछड़ा वर्ग की विरोधी रही है कभी भी इस वर्ग की हितेषी नहीं रही कार्यकाल में काका कालेलकर कमेटी बनाई गई । जिसको पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए सुझाव देने थे । लेकिन कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद भी अपने 17 वर्ष के कार्यकाल में पंडित नेहरू ने कभी भी इस कमेटी की सिफारिशों को सार्वजनिक नहीं किया । इसी तरह इंदिरा गांधी भी लगभग 16 साल प्रधानमंत्री रही, उन्होंने भी ओबीसी वर्ग के कल्याण के लिए कोई काम नहीं किया । मंडल कमीशन की सिफारिश लागू करने पर भी कांग्रेस



ने विरोध किया । डा. लक्ष्मण ने कहा कि 2014 में मोदी सरकार आने के बाद पिछड़ा वर्ग के कल्याण की अनेक योजनाएं मोदी जी लेकर आए हैं । उन्होंने कहा कि सबसे पहले मोदी जी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया, जबकि कांग्रेस विशेष दर्जा देने के हमेशा विरोध में खड़ी रही । इसके साथ ही नीट परीक्षा में 27 प्रतिशत ओबीसी वर्ग को आरक्षण देने से पिछड़ा वर्ग के हजारों बच्चे लाभान्वित हुए और उनका डॉक्टर बनने का सपना पूरा हुआ । डा. लक्ष्मण ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के साथ साथ आर्थिक रूप से पिछड़ों को 10 प्रतिशत आरक्षण देकर मोदी जी ने सिद्ध किया है कि वे समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए चिंतित हैं । डा. लक्ष्मण ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम हकीकत में ही नारी का वंदन है। उन्होंने कहा कि देश की आधी आबादी की चिंता कर मोदी जी ने नारी की वंदना ही की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही महिला आरक्षण का दिखावा किया, कांग्रेस चाहती तो अब तक महिलाओं को कब का आरक्षण मिल गया होता ।
इससे पहले उन्होंने भोड़वाल माजरी गांव में जोगीसमाज के सम्मेलन को भी संबोधित किया ।
प्रेस वार्ता में ओबीसी मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुरुक्षेत्र संसद नायब सैनी, पूर्व मंत्री एवं ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष करणदेव कांबोज, हरीश चौधरी , संजय गुर्जर, जिलाध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता , गजेंद्र सलूजा, डा. राजबीर आर्य, ईश कुमार राणा, संदीप वर्मा , सुभाष जोगी , विजय पाल आहुलुवालिया , चांद भाटिया, प्रिंस धनवाल, धीरज सैनी, ईश्वर मालवाल, गंगाराम स्वामी, बिट्टू प्रजापति, जवाहर, देवी राम आदि उपस्थित रहे ।

## नि :शुल्क दंत चिकित्सा परामर्श कैम्प का हुआ सफल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप एवं महल अनुसूचित जाति विकास मंच दोनों संस्थाओं के सामूहिक तत्वाधान में आज तीसरा विशाल निःशुल्क दंत चिकित्सा परामर्श कैंप का सफल आयोजन सामुदायिक भवन मौहल्ला महल मिश्रवाडा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राकेश यादव अध्यक्ष यूएसएसएल अकेडमी नारनौल,मार्गदर्शक के रूप में डॉ शिव कुमार,मुख्य आयोजक मनीष गोगिया संस्थापक नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप एवं कार्यक्रम संयोजक संदीप जैन उपस्थित रहे।

# डीएवी कॉलेज में वेद प्रचार महोत्सव का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** आर्य समाज डी.ए.वी.कॉलेज मार्ग अम्बाला शहर के तत्वावधान में तीन दिवसीय वेद प्रचार महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में आर्य समाजके सदस्य, गणमान्य व्यक्ति तथा डी.ए.वी संस्थाओ के प्राचार्यो तथा अध्यापको ने भाग लिया। प्रसिद्ध वैदिक विद्वान रणबीर सिंह शास्त्री सहारनपुर निवासी ने अपने व्याख्यान मे वेदो का महत्व बताया । उन्होने धर्म अधर्म मन तथा वेदो ,बौद्धिक ज्ञान और स्वामी दयानन्द के विचारो पर अपने व्यावख्यान रखे और उन्होंने बताया की माता ही बच्चों की



निर्माता होती है और माता पिता के संस्कारो का विशेष महत्व है और अच्छे संस्कार ही इस बच्चों के जीवन को सफल बना सकते है। प्रसिद भजनोपदेशक पंडित राम निवास आर्य पानीपत निवासी ने अपने भजनो दवारा ऋषि दयानन्द के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होने स्वामी दयानन्द के जीवन पर भजन प्रस्तुत किये उन्होने माता पिता तथा गुरु की महिमा पर भी भजन प्रस्तुत किये और उन्होने शहीद भगत सिंह और महाराणा प्रताप के जीवन का वृत्तान्त सुनाया और अभी हाल में ही शहीद हुए पानीपत निवासी मेजर आशीष ढोंचक को भी भजनों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी।अंत में जे एस. नैन ,प्रधान ,आर्य समाज , डी.ए.वी. कॉलेज मार्ग, अम्बाला शहर , ने सभी का धन्यवाद किया।

**महत्व**

8 प्रसिद्ध वैदिक विद्वान रणबीर सिंह शास्त्री सहारनपुर निवासी ने अपने व्याख्यान में वेदों का महत्व बताया

# पिछले 1 महीने से हरियाणा के अंदर डेंगू ने कहर मचाया, स्वास्थ्य विभाग में सुविधाएं नदारद: शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
कांग्रेस नेता सतपाल शर्मा ने कहा कि पिछले 1 महीने से पूरे हरियाणा के अंदर डेंगू ने कहर मचा रखा है। सभी सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटलों में मरीजों की संख्या बहुत ज्यादा है और सरकारी अस्पतालों का तो यह हाल है कि वहां पर मरीज के लिए न बेड है न दवाई है। शर्मा ने कहा कि सरकार को चाहिए था कि स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गांव व शहर में डेंगू की दवाई का छिड़काव करवाती ताकि डेंगू को फैलने से रोका जा



सकता था लेकिन अब डेंगू कंट्रोल से बाहर हो चुका है और घर में कम से कम 2 से 3 व्यक्ति डेंगू की चपेट में है। हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर प्रदेश में चुनावी हवा बनाने के चक्कर में घूम रहे हैं जबकि 2024 में हरियाणा में भाजपा के पांच विधायक भी नहीं जीत पाएंगे। मुख्यमंत्री को भी करनाल से अपने सीट के लाले पड़े हुए हैं।

**उठाए सवाल**

8 सरकारी अस्पतालों का तो यह हाल है कि वहां पर मरीज के लिए न बेड है न दवाई है

# सांसद सैनी व विधायक सुधा ने रमिता को दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक कुरुक्षेत्र के लाडवा** कस्बे की बेटी रमिता जिंदल ने चीन में चल रही एशियन चैंपियनशिप में टीम व व्यक्ति एयर राइफल इवेंट में सिल्वर व कांस्य पदक जीत कर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने का काम किया। इस उपलब्धि पर सांसद नायब सिंह सैनी व विधायक सुभाष सुधा ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।
सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोक सभा क्षेत्र की बेटी रमिता जिंदल ने चीन चल रही एशियन चैंपियनशिप में सिल्वर व कांस्य पदक जीत कर देश का नाम रोशन करने का काम किया है। इस बेटी ने पूरे की बेटियां को गौरवनित करने का काम किया है। इससे प्रदेश की अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस बेटी में अपने अधिवक्ता अरविंद जिंदल के साथ पूरे परिवार का मान बढ़ाने का काम किया है। बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे आकर कार्य कर रही है। देश की सेनाओं में भी अब बेटियों को बराबर का दर्जा प्रदान किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन विधेयक लाकर महिलाओं और बेटियों का सम्मान करने का काम किया है। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि लाडवा की बेटी रमिता जिंदल ने एशियन चैंपियनशिप में सिल्वर व



**नाम रोशन किया**

8 रमिता ने एशियन चैंपियनशिप में टीम व व्यक्ति एयर राइफल इवेंट में सिल्वर व कांस्य पदक जीता

कांस्य पदक जीत कर कुरुक्षेत्र के साथ साथ हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस बेटी को पूरे प्रदेश वासियों को गर्व है। इस बेटी ने प्रदेश की सारी बेटियों को आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया है। एयर राइफल की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रमिता जिंदल के पिता एडवोकेट अरविंद जिंदल ने कहा कि बेटी रमिता जिंदल ने एशियन चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में सिल्वर व 10 मीटर व्यक्ति एयर राइफल इवेंट में कांस्य पदक जीता है। उनकी बेटी ने खूब मेहनत व लगन के साथ इस मुकाम को हासिल किया है।

## आम आदमी ने पंजाब में बड़े बड़े नेताओं को धाराशायी किया: अनुराग

**फतेहाबाद:** आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने शनिवार देर शाम को फतेहाबाद के गांव नहला में जनसभा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस और बीजेपी का कोई जनाधार नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि देश को आजाद हुए 75 साल और हरियाणा को बने 55 साल हो गए, लेकिन आज भी हम अपनी बात नहीं कह पाते। क्योंकि ये कहते हैं कि आप नहीं कर पाओगे आप तो आम आदमी हो। लेकिन अब दुनिया

# अनिता सहगल को सर्वश्रेष्ठ अध्यापिका व प्रियांशी को मिला सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** भारत विकास परिषद् द्वारा स्कूलों में गुरू शिष्य परंपरा व आज की युवा पीढ़ी को संस्कारित करने के उद्देश्य से गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में अम्बाला शहर की महर्षि दयानंद शाखा द्वारा संरक्षक प्रदीप गोयल, सह संरक्षक दीपक राय आनंद, अध्यक्ष अजय अग्रवाल, सचिव राकेश मक्कड़ के मार्गदर्शन में शहर के जीपीएस 5 स्कूल में प्रकल्प प्रमुख मनोज गर्ग के नेतृत्व में शहर के जीपीएस 5 में इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के 4 अध्यापकों व 131 छात्रों ने भाग लिया। परिषद् की ओर



से प्रिंसिपल अनिता सहगल को सर्वश्रेष्ठ अध्यापिका एवं प्रियांशी को सर्वश्रेष्ठ छात्रा के लिए स्मृति चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यशस्वी गुप्ता, नीरज अग्रवाल, शरद सिंघल व सतनाम नागपाल ने भाग लिया। छात्र छात्राओं ने अपने सभी अध्यापकों का तिलक कर उनकी पूजा की व उनका चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया । यह जानकारी शाखा के प्रैस सचिव श्रीकृष्ण सैनी ने सांझा करते हुए जानकारी दी कि समूहगान प्रतियोगिता 5 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी व विजेता व उपविजेता टीम 8 अक्टूबर को प्रांतीय प्रतियोगिता में अम्बाला ईकाई का प्रतिनिधित्व करेंगी । इसी प्रकार भारत को जानो प्रतियोगिता के लिए परीक्षा अक्टूबर में व क्विज प्रतियोगिता नवंबर में आयोजित की जाएगी व 19 नवंबर को प्रांतीय प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय टीम अम्बाला ईकाई की ओर से भाग लेंगी ।

**अभिनंदन**

8 आज की युवा पीढ़ी को संस्कारित करने के उद्देश्य से गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रमों का आयोजन

# विद्या भारती द्वारा तीन दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**आज दिनांक 24 सितंबर 2023 को श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,कुरुक्षेत्र में विद्या भारती द्वारा आयोजित 34 वे तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेलकूद समारोह का अयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपेन्द्र सिंगल( मानद सचिव कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड), सुरेंद्र अत्री, विद्या भारती उपाध्यक्ष उत्तर क्षेत्र, मलखान सिंह, खेल संयोजक उत्तर क्षेत्र, किशोर चौहान प्रांतीय खेलकूद प्रमुख, विद्यालय के प्रबंधक अशोक रोशा , अनिल मदान आचार्य ने मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन व ध्वजारोहण कर किया ।
आचार्य अनिल मदान ने आए हुए अधिकारी गण का परिचय



करवाया । इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपेन्द्र सिंगल ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल को खेलने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। खेलों से सामाजिक समरसता बढ़ती है।खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। खेलों के द्वारा हम देश का नाम रोशन कर सकते हैं। अपने संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए हमें खेलों को खेलना चाहिए ।उन्होंने राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग खेल प्रतियोगिता की अधिकारी घोषणा की । विद्यालय के संस्कृत आचार्य प्रवीण शर्मा ने उद्घाटन मंत्र का उच्चारण किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेंद्र अत्री ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कहा कि विद्या भारती प्रतिवर्ष इस प्रकार के खेल समारोह का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर करती है । उन्होंने कहा कि स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 2008 में विद्या भारती को स्थाई मान्यता दी थी। यह केवल हमारे खिलाड़ियों के अनुशासन और खेल भावना के कारण हो पाया। विद्या भारती एक शैक्षिक संस्थान है जो छात्रों का सर्वांगीण विकास की कल्पना अपने लक्ष्य में लेकर चलती हैं। पीयूष द्वारा मेरी विनती यही है राधा रानी कृपा बरसाए रखनागीत की बहुत सुंदर प्रस्तुति दी गई। यह सुंदर भक्ति गीत विद्यालय की संगीत आचार्या कनिका शर्मा द्वारा तैयार करवाए गए ।कार्यक्रम का मंच संचालन ,मोनिका शाह व गरिमा गोयल द्वारा किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य उपस्थित रहे।

# खेलकूद में प्रतिभागिता से विद्यार्थियों का मानसिक व शारीरिक विकास होता है: प्रो. संजीव

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक**)कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईआईएचएस के बीटीटीएम विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में प्रतिभागिता करने से विद्यार्थियों का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। और उनमें परस्पर मिलकर कार्य करने की



भावना का विकास होता है। उन्होंने इस आयोजन के लिए पूर्व छात्रों की सराहना की।इस सम्पूर्ण प्रतियोगिता के आयोजन में बीटीटीएम के पूर्व छात्रों का योगदान महत्वपूर्ण रहा। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से चार टीमों ने भाग लिया। जिनमें से दो टीम बीटीटीएम वॉरियर्स और बीटीटीएम एल्यूमनी की, एक टीम डीटीएचएम कुरुक्षेत्र व एक टीम बीटीटीएम आईआईएचएस कुरुक्षेत्र की रही।

## संपादकीय

# नई चेतना का भारत

**नई संसद का** निर्माण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इच्छाशक्ति से सम्भव हुआ। अन्यथा विपक्षी पार्टियों ने इसे बाधित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उस समय परिस्थितियां अत्यंत प्रतिकूल थीं। कोरोना आपदा का समय था। वैसे संसद के नए भवन का निर्माण यूपीए सरकार के समय होना अपेक्षित था। लेकिन उस सरकार ने इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। जब नरेन्द्र मोदी ने सेंट्रल विस्टा के निर्माण का निर्णय लिया, तब यूपीए के वही लोग हमलावर हो गए। कोरोना संकट की दुहाई दी। इसके मूल में विचार यह था कि नई संसद के निर्माण का श्रेय नरेन्द्र मोदी को नहीं मिलना चाहिए। लेकिन मोदी दृढ़ निश्चय कर चुके थे। दिल्ली की केजरीवाल सरकार मजदूरों को बाहर निकालने का काम कर रही थी। सेंट्रल विस्टा निर्माण में मोदी सरकार ने तीस हजार श्रमिकों को उस समय आजीविका प्रदान की। प्रधानमंत्री मोदी ने नई संसद में कहा भी की वह समय समय पर उन श्रमिकों इंजीनियरों से मिलने आते थे। उन सभी के नाम नई संसद की डिजिटल बुक में अंकित हैं। श्रमिकों को ऐसा सम्मान पहले कभी नहीं मिला था। पुरानी संसद के केंद्रीय कक्ष में मोदी ने इस भवन को संविधान सदन के नाम का प्रस्ताव किया। इस प्रकार उन्होंने संविधान निमार्ताओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्मरण किया। स्वतंत्रता के बाद की सभी सरकारों के योगदान की चर्चा की। दलगत आधार पर किसी की निंदा नहीं की। लेकिन बिना किसी लिए बहुत कुछ कह भी दिया। मोदी के ऐसे कथन वस्तुतः देश के स्वाभिमान से ही सम्बन्धित थे। गुलामी के प्रतीकों की मुक्ति से भारतीय चेतना का जागरण हुआ है। आज भारत गुटनिरपेक्ष आंदोलन का सदस्य मात्र नहीं है। बल्कि विश्व को नेतृत्व देने वाला देश बन रहा है। भारत विश्व मित्र के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। भारत एक नई चेतना के साथ जाग उठा है। भारत एक नई ऊर्जा से भर गया है। यही चेतना और ऊर्जा करोड़ों लोगों के सपनों को संकल्प में बदल सकती है। उन संकल्पों को हकीकत में बदल सकती है। नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को गणेश चतुर्थी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन में हम नए भविष्य का श्रीगणेश करने जा रहे हैं। यह बदलते भारत का ही विचार है। भारत अपनी विरासत और संस्कृति पर गर्व करना सीख गया है। पहले सेक्युलर राजनीति के कारण अपनी विरासत को अभिव्यक्त करने में संकोच होता था। इसलिए भारत की कोई विशिष्ट पहचान नहीं बन सकी थी। हजार वर्ष की गुलामी ने राष्ट्र चेतना को विस्मृत किया था। अब इसी चेतना का जागरण हो रहा है। नए भारत की नई तसवीर निखर कर दुनिया के सामने आ रही है। इसी चेतना से सौ वर्ष बाद श्री राम मन्दिर का निर्माण सम्भव हुआ। काशी, उज्जैन आदि को गरिमा के अनुरूप भव्य रूप दिया गया। जी- 20 शिखर सम्मेलन में नालंदा की आकृति प्रदर्शित करना नरेन्द्र मोदी का ही राष्ट्रीय चेतना का विजन था। उन्होंने विदेशी मेहमानों को बताया कि पंद्रह सौ वर्ष पूर्व भारत में समृद्ध विश्वविद्यालय थे। इसको देख कर विदेशी अतिथि आश्चर्य चकित हुए थे। विकसित भारत का संकल्प साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इसी संसद में मुस्लिम बेटियों को न्याय की जो प्रतीक्षा थी, शाहबानो केस के कारण गाड़ी कुछ उलटी पटरी पर चल गई थी। इसी सदन ने हमारी उस गलती को ठीक किया। तीन तलाक की कुप्रथा से मुस्लिम महिलाओं को मुक्ति दिलाई गई।

# भारत क्यों पाक को बार-बार पीओके खाली करने को कहता है ?



अशोक भाटिया

> "जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन महाराजा हरिसिंह ने पहले तो स्वतंत्र राज्य के तौर पर बने रहना चाहा लेकिन पख्तूनों के हमले के बाद उन्होंने भारत से मदद मांगी और इसी दौरान पाकिस्तान से लगे कश्मीर के हिस्से पर कब्जा कर लिया. जो आज पीओके कहलाता है.सन् 1947 से पहले केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि लद्दाख भी हरिसिंह की रिसायत का हिस्सा था. उससे पहले यह ना तो भारत और ना ही पाकिस्तान का हिस्सा था. सन् 1935 में अंग्रेजों ने इसके एक हिस्से को गिलगित एजेंसी को 60 साल के लिए लीज पर दे दिया था लेकिन आजादी मिलते ही अंग्रेज सरकार ने उस लीज को रद्द कर हरिसिंह को पूरा कश्मीर लौटा दिया था.गिलगिट और बाल्टिस्तान के विलय के बाद हरिसिंह के लोकल कमांडर कर्नल मिर्जा हसन खान ने महाराजा के खिलाफ बगावत कर दी"

**भारत ने** एक बार फिर पाकिस्तान को आईना दिखाया है. यूएन में भारत ने पाकिस्तान को दो टूक कहा कि, पाक पीओके खाली करें. भारतीय इलाके में पाकिस्तान अवैध कब्जा छोड़े. एन में भारत की सचिव पेटल गहलोत ने कहा कि पाकिस्तान को तीन कदम उठाने होंगे. पहला सीमा पार से आतंकी घुसपैठ को बंद करें उसके साथ ही आतंकी ठिकानों को तुरंत ध्वस्त करे. दूसरा अवैध कब्जा किए गए भारतीय इलाकों को तुरंत खाली करे. उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यतकों और उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन करना बंद करें. यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन की १२३ सेक्रेटरी और युवा राजनयिक पेटल गहलोत कहना है कि जब भारत के खिलाफ आधारहीन और दुर्भावनापूर्ण प्रचार करने के लिए इस अगस्त मंच का दुरुपयोग करने की बात आती है तो पाकिस्तान एक आदतन अपराधी बन जाता है. संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश और अन्य बहुपक्षीय संगठन अच्छे से जानते हैं कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान मानवाधिकारों पर अपने खराब रिकॉर्ड से हटाने के लिए ऐसा करता है. हम फिर दोहरा देते हैं कि जम्मू -कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न अंग हैं. जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित मामले पूरी तरह से भारत के आंतरिक मामले हैं. पाकिस्तान को हमारे घरेलू मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है.'

पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारतीय राजनयिक ने दोहराया कि दुनिया के सबसे खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड वाले देश के रूप में, खासकर जब अल्पसंख्यकों और महिलाओं के अधिकारों की बात आती है, तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर उंगली उठाने से पहले पाकिस्तान को अपना घर संभालना चाहिए. पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ सरकारी हिंसा का एक ज्वलंत उदाहरण अगस्त 2023 में पाकिस्तान के फैसलाबाद जिले के जारनवाला में अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने उदाहरण अगस्त 2023 में पाकिस्तान के फैसलाबाद जिले के जारनवाला में अल्पसंख्यक ईसाई समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने पर की गई क्रूरता थी, जहां कुल 19 चर्च जलाए गए और 89 ईसाई घर जला दिए गए. अहमदिया लोगों के साथ भी ऐसा ही यवहार किया गया है, जिनके धार्मिक स्थलों को ध्वस्त कर दिया गया. भारत का कहना है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर हिंदू, सिख और ईसाइयों की महिलाओं की स्थिति दयनीय बनी हुई है. पाकिस्तान की ही मानवाधिकार आयोग द्वारा हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में हर साल अल्पसंख्यक समुदायों की अनुमानित 1000 महिलाओं को अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन और जबरन विवाह का शिकार बनाया जाता है.भारत ने कहा कि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित सर्वाधिक आतंकवादी संस्थाओं और व्यक्तियों का पनाहगार और संरक्षक रहा है. पाकिस्तान को दो टूक जवाब देते हुए भारत ने आगे कहा कि और वह पीओके को खाली करे और तकनीकी कुतर्क में उलझने के बजाय मुंबई आतंकवादी हमलों के अपराधियों के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करे जिनके पीड़ित 15 साल बाद भी न्याय का इंतजार कर रहे हैं. इससे पहले पाकिस्तान के केयरटेकर प्रधानमंत्री अनवारुल हक ककार ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र को संबोधित करते हुए बिना किसी भेदभाव के आतंकियों के खात्मे की जरूरत पर जोर दिया था . उन्होंने यूएन से इतर एक इंटरव्यू के दौरान हिंदुत्व को लेकर खूब बयानबाजी की थी. ककार ने कहा था कि इस हिंदुत्व की राजनीति के पीछे एक घिनौनी वास्तविकता छिपी हुई है, जिसने दुनिया को युद्ध की आग में झोंक दिया है. उन्होंने कहा कि कनाडा में निज्जर की हत्या हिंदुत्व की विस्तारवादी राजनीति का ही परिणाम है. इन सब बातों को देखते हुए ही यूएन में भारत ने पाकिस्तान को दो टूक कहा कि, पाक पीओके खाली करें. भारतीय इलाके में पाकिस्तान अवैध कब्जा छोड़े. दरअसल सन् 1947 में मिली आजादी और बंटवारे से पहले जम्मू-कश्मीर का अस्तित्व एक स्वतंत्र रियासत के तौर पर था. लेकिन 1947 में ही पाकिस्तान की सीमा से सटे जम्मू-कश्मीर के क्षेत्र पर जबरन कब्जा कर लिया. ये कब्जा अब तक कायम है.पाकिस्तान की सेना और आईएसआई उस स्थान को आतंकवादी कैंपों के तौर पर इस्तेमाल करती है और भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने की रणनीति बनाती रहती है. इस क्षेत्र को संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा पाकिस्तान नियंत्रित कश्मीर या पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर के तौर पर कहा जाता है. लेकिन भारत इस क्षेत्र को पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके कहता है. क्योंकि यह भारत का हिस्सा है. देखा जाय तो भारत-पाकिस्तान और जम्मू-कश्मीर के विवाद के बीज अंग्रेज बो गये थे . सन् 1947 में जब भारत को स्वतंत्रता मिली उस वक्त अंग्रेजों ने रियासतों पर अपना-अपना दावा छोड़ दिया. कहा झ भारत या पाकिस्तान में शामिल होने या स्वतंत्र रहने का निर्णय खुद लें. जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन महाराजा हरिसिंह ने पहले तो स्वतंत्र राज्य के तौर पर बने रहना चाहा लेकिन पख्तूनों के हमले के बाद उन्होंने भारत से मदद मांगी और इसी दौरान पाकिस्तान से लगे कश्मीर के हिस्से पर कब्जा कर लिया. जो आज पीओके कहलाता है.सन् 1947 से पहले केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं बल्कि लद्दाख भी हरिसिंह की रिसायत का हिस्सा था. उससे पहले यह ना तो भारत और ना ही पाकिस्तान का हिस्सा था. सन् 1935 में अंग्रेजों ने इसके एक हिस्से को गिलगित एजेंसी को 60 साल के लिए लीज पर दे दिया था लेकिन आजादी मिलते ही अंग्रेज सरकार ने उस लीज को रद्द कर हरिसिंह को पूरा कश्मीर लौटा दिया था.गिलगिट और बाल्टिस्तान के विलय के बाद हरिसिंह के लोकल कमांडर कर्नल मिर्जा हसन खान ने महाराजा के खिलाफ बगावत कर दी और गिलगिट-बाल्टिस्तान को आजाद घोषित कर दिया. कमांडर के विद्रोह को देखते हुए हरिसिंह ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को भारत में विलय को मंजूरी दे दी. लेकिन इसके बाद पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया.करीब तीन हफ्ते बाद के बाद पाकिस्तानी सेना ने गिलगिट बाल्टिस्तान पर हमला कर दिया और उस पर कब्जा कर लिया. उसमें जम्मू का भी कुछ हिस्सा है. ये पूरा इलाका पीओके कहलाता है. 1947 में जिस पूरे क्षेत्र पर पाकिस्तान ने कब्जा किया, उसे दो भागों में बांट दिया-गिलगित बाल्टिस्तान और आजाद कश्मीर कहने लगा जो कि वास्तव में पाक अधिकृत कश्मीर है. गिलगित बाल्टिस्तान का क्षेत्रफल 28 हजार 147 वर्ग मील है, यहां की राजधानी गिलगित है. जबकि पीओके का क्षेत्रफल 5,134 वर्ग मील है और यहां की राजधानी मुजफ्फराबाद है. यहां की कुल आबादी करीब 60 लाख मानी जाती है.गिलगिट बाल्टिस्तान पर कब्जे के बाद पाकिस्तान ने चाल चली. वहां की सेना ने वहां से स्थानीय कश्मीरियों पर जुल्म ढाकर खदेड़ दिया. आजादी के वक्त वहां शिया और सूफी बड़ी संख्या में रहते थे लेकिन धीरे धीरे वे अल्पसंख्यक हो गए. गिलगित बाल्टिस्तान की सीमा अफगानिस्तान और चीन से लगती है. पीओके को दो भागों में बांटने से पहले पाकिस्तान ने गिलगित बाल्टिस्तान के एक बड़े हिस्से को चीन को सौंप दिया. पाकिस्तान ने चीन को जितना बड़ा हिस्सा दिया वह करीब 1900 वर्ग मील समझा जाता है. यह साल 1963 का था. वहीं उससे पहले चीन सन् 1962 के युद्ध में भारत से युद्ध के दौरान लद्दाख के कुछ हिस्से पर कब्जा कर लिया था जिसे अक्साई चिन कहा जाता है.

पाकिस्तान ने चीन को जो इलाका दिया है वहां चीन एक कोरिडोर बना चुका है।



## कविता

अजनबी बस्ती है, अजनबी सा
बसेरा,
हवाएं जाएंगी जहां, हमारा वहां सवेरा।

चंद पल के अंधेरों से ओझल नहीं
सूरज,
रवि फिर चमकेगा सजेगा नया सवेरा।

नन्ही चिड़ियों का होगा मीठा कलरव,
बसेगा सांवली जिंदगी का रुपहला
सवेरा।

तमस नहीं कोई अंतिम परिणति,
नन्हें हाथ लाएंगे सूरज का सुनहरा
चेहरा,

फिर महकेंगे बाग, उपवन और कलियां,
भँवरो के गुंजन से लजाएगा यौवन का
चमकीला सवेरा।

संजीव ठाकुर

## सभ्यतागत त्रासदी का एकात्म मानव दर्शन

**रजनीश कुमार शुक्ल**

**एकात्म मानववाद** जैसी विचारधारा और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की आज (25 सितंबर) जयंती है। उनका एकात्म मानव दर्शन मनुष्य को केंद्र में रखकर के संपूर्ण विश्व व्यवस्था का और उससे आगे बढ़ते हुए ब्रह्मांड व्यवस्था का मूल्याधिष्ठित किंतु व्यावहारिक विश्लेषण एवं दार्शनिकीकरण है। हम जानते हैं कि दर्शन के रूप में इसका सैद्धांतीकरण 1965 में आयोजित भारतीय जनसंघ के कालीकट अधिवेशन में हुआ था, जिसमें भारतीय जनसंघ के नीति प्रारूप के रूप में इस पर चर्चा की गई। चर्चा के अनंतर इसे भारतीय जनसंघ के दिशा निर्देशक सिद्धांत और दार्शनिक अधिष्ठान के रूप में स्वीकार किया गया। इसके तत्काल बाद मुंबई में देशभर के भारतीय जन संघ के कार्यकताओं के समक्ष पं.दीनदयाल उपाध्याय जी ने एकात्म मानव दर्शन को विस्तार से प्रस्तुत किया। एकात्म का तात्पर्य एक ही होना है। एक ही प्रकार की चेतना , बुद्धि और एक ही प्रकार की चिंतन प्रक्रिया का होना है। एकात्म मानव दर्शन का जो तत्वमीमांसीय अधिष्ठान है, वह अधिष्ठान, दीनदयाल जी ने शंकराचार्य पर जो पुस्तक लिखी थी उसमें ही बीज रूप में था। एकात्म यानि अद्वैत की दृष्टि अर्थात मैं और तुम ये दो नहीं हैं।

पश्चिम में उपजी हुई समकालीन विचारधाराओं को यह पहला भारतीय प्रत्युत्तर है। उपाध्याय जी की दृष्टि से विचार करेंगे तो मनुष्य एक विशिष्ट रचना है। ये शरीर है,मन है, बुद्धि है और आत्मा है। इस प्रकार यह एक फोर डायमेंशनल निर्मिति है। जिसमें शरीर या मनुष्य की ज्ञानेंद्रियां, मन और बुद्धि यह ज्ञात हो सकने वाले तथ्य हैं और इनसे परे जो आत्मा है वह ज्ञाता है। अभी तक यूरोप की जो पूरी विचार सरणि है वह त्रिआयामी जगत से अधिक का विचार नहीं कर सकती है। एकात्म मानववाद दर्शन की वह प्रणाली है जो त्रिआयामी जगत को अतिक्रांत करती हुई, लंबाई, चौड़ाई, मोटाई के संसार से बाहर जाते हुए चौथे आयाम की बात करती है। साम्यवाद और पूंजीवाद के जो विविध पर्याय दुनिया भर में विकसित हुए थे, उन विविध पयार्यों में मात्र उत्पादन और वितरण को केन्द्र में रखकर विचार किया गया था। दीनदयाल जी बड़ी स्पष्टता के साथ कहते हैं कि दोनों एकांगी हैं। दोनों ही मनुष्यों और समाज के एक ही हिस्से का विचार कर पाते हैं। एक जो मनुष्य जाति के लिए उत्पादन का विचार कर सकने वाला या उसकी अधिकारिता का विचार कर सकने वाला पूंजीवादी दृष्टिकोण है तो दूसरा मनुष्य के लिए वितरण की व्यवस्था और मनुष्य के सामाजिक उत्तरदायित्व इसका विचार कर सकने वाला समाजवाद, वैज्ञानिक समाजवाद, साम्यवाद या मार्क्सवाद के विविध पयार्यों से दुनियाभर में विकसित हुआ समाज केंद्रित विचार है। केवल उत्पादन या केवल वितरण मनुष्य का जीवन नहीं है।

## विचार

# भारत-कनाडा विवाद पर दुनिया की नजर

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर एक ओर भारत की दुनियां के विकसित देशों के साथ रणनीतिकसाझेदारी है, तो दूसरी ओर भारत ग्लोबल साउथ का नेता बनकर उभर रहा है वहीं तीसरी और वर्तमान परिपेक्ष में भारत अमेरिकी दोस्ती की प्रगाढ़यता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वहीं रूस के साथ भी भारत की पारंपरिक यारी रही है। यानें कहा जाए तो भारत वैश्विक स्तरपर दोनों महाशक्तियों के साथ बैलेंस बनाकर कुछल कूटनीति, विदेशनीति रणनीति अपना रहा है ताकि उसे किसी भी विपरीत परिस्थिति में किसी भी प्रकार का नुकसान ना हो। इसी रणनीति का हमें आज भारत कनाडा विवाद में सकारात्मक पहलू नजर आ रहा है कि कनाडा नाटो जी-7 फाइव आइज का सदस्य होने केबावजूद भारत-कनाडा विवाद में कोई पश्चिमी देश सीधे रूप से कनाडा के साथ खड़ा नजर नहीं आ रहा है। बल्कि कनाडा का विपक्ष भी उनके विरोध में खड़ा हो गया है। बता दें 2025 में कनाडा में आम चुनाव हैं जिसके चलते एकविशेष वर्ग के वोटो पर पकड़ रखने का यह रणनीतिक दांव भी हो सकता है, जिससे इनकार नहीं किया जा सकता,परंतु यह निश्चित लग रहा है कि भारत कनाडा के बिगड़ते संबंधों को ठीक होने में काफी लगभग लग सकता है, जिसका दुष्परिणाम दोनों देशों केनागरिकों सहित अनेक क्षेत्रों में पढ़ सकता है। परंतु पेटांगन के एक पूर्व अधिकारी द्वारा विवाद बढ़ने पर अमेरिका का रुख भारत के साथ आने के बयान से हमारी बाशें खिल उठी है, इसमें हम अपनी प्रतिष्ठा और रुतबा देख रहे हैं। चूंकि भारत-कनाडा संबंध काफी बिगड़ से जा रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत अमेरिका को भारत-कनाडा में चुनना पड़ा तो भारत को चुनेगा, पेटांगन के पूर्व अधिकारी के बयान से भारत का रुतबा दिखा। साथियों बात अगर हम 23 सितंबर 2023 को पेंटागन के एक पूर्व अधिकारी के बयान की करें तो, अमेरिकी रक्षा विशेषज्ञ बोले, अमेरिका, भारत का साथ देगा, माइकल रुबिन ने बड़ाबयान देते हुए कहा कि अमेरिका उस स्थिति में नहीं आना चाहता कि उसे दो दोस्तों में से किसी एक को चुनना पड़े, लेकिन अगर ऐसा होता है तो हम भारत को चुनेंगे क्योंकि निज्जर एक आतंकवादी था और भारत, अमेरिका के लिए अहम भी है। हमारे संबंध महत्वपूर्ण हैं। जस्टिन टूडो लंबे समय तक कनाडा के पीएम नहीं रहेंगे और ऐसे में उनके जाने के बाद हम फिर से संबंध मजबूत कर सकते हैं।

पेंटागन के पूर्व अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइजेज इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ फेलो ने भारत कनाडा विवाद पर कहा कि मुझे नहीं लगता कि कनाडा के सहयोगी देश उनकी थ्योरी से सहमत हैं। जब जमाल खाशोगी की इंस्तांबुल में हत्या हुई थी तो उस वक्त तुर्किए ने कई अहम सबूत दिए थे, जिसके चलते सऊदी अरब की दुनियाभर में आलोचना हुई थी। लेकिन यहां बिना सोचे समझे आरोप लगा रहे हैं और वह अब तक कोई सबूत पेश नहीं कर सके हैं। जब वे कहते हैं कि उनपर विश्वास कीजिए तो लगता है कोई भी उन पर विश्वास नहीं करता। यह सबकुछ चुनाव प्रचार के लिए हो सकता है, जिसमें उनकी हारने की संभावना दिख रही है। यही वजह है कि अमेरिका समेत फाइव आइज देश इस मुद्दे पर कनाडा का साथ नहीं दे रहे हैं। अब बात इसकी कि यह मुद्दा कितना लंबा खिंच सकता है, इस पर भी जानकारों की राय बंटी हुई है। अमेरिका के पूर्व रक्षा अधिकारी उन्होंने कहा है,अगर कनाडा इस मुद्दे पर विवाद करना चाहता है, तो यह किसी चींटी के हाथी से लड़ाई करने जैसा है। भारत रणनीतिक रूप से कनाडा से कहीं ज्यादा अहम है।इसे पश्चिम से आया सबसे मुखर बयान कह सकते हैं, क्योंकि इससे पहले वाशिंगटन में विल्सन सेंटर थिंकटैंक में साउथ एशिया इंस्टीट्यूट के निदेशक ने कहा था, मेरा मानना है कि यह हम सबके लिए सबक है कि भारत के पश्चिमी साझेदारों के साथ घनिष्ठ संबंधों में कुछ भी अलंघनीय नहीं है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546

फैक्स - (011) 27677673

प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज

9999889104, 9250706656

ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# हथियारों के अवैध निर्माण की बेशर्म सुर्खिया

**नरेंद्र तिवारी पत्रकार**

**मध्यप्रदेश का** निमाड़ अंचल आए दिन सुर्खियों में रहता है। यह सुर्खियां गौरव दिलाने वाली नहीं अपितु शर्म से सिर झुकाने वाली है। निमाड़ के चार जिलों खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर और बड़वानी के साथ समीपवर्ती जिले धार में जानलेवा अवैध हथियारों का निर्माण एवं बिक्री इतने बड़े पैमाने होना सामाजिक चिंता का विषय है। इन पांचों जिलों में घातक जानलेवा फायर आर्म्स का निर्माण अधिकाशतः सिकलीकर समाज द्वारा किया जाने की पुष्टि अवैध हथियारों के दर्ज प्रकरणों से मिलती है। अवैध हथियार के निर्माण के अपराध में जुटा यह समाज छोटे-छोटे गांवों में रहता है। इन ग्रामीण अंचलों में ही लोहे की पट्टियों को भट्टी में तपाकर छैनी, हथौड़ी, कानस जैसे उपकरणों से जानलेवा फायर आर्म्स पिस्टल, कट्टे, कारतूस बनाने का आपराधिक कार्य करता है। बड़वानी जिले में उमर्टी, उंडीखोदरी, शाहपुरा, खुरमाबाद,ओझर, खरगोन जिले में सिगनूर, बमनाला, धुलकोट, अम्बा, बुरहानपुर जिले का खकनार, पागरी, धार जिले का ग्राम बारिया, खंडवा रेलवे स्टेशन होने से यहां भी अवैध हथियारों के सौदागर बाहरी प्रदेशो में निमाड़ में बने अवैध हथियारों की तस्करी करने आते-जाते रहते है। जानलेवा फायर आर्म्स की वही जानकारी जाहिर हो पाती है जो पुलिस प्रकरणों के माध्यम से मीडिया द्वारा प्रकाशित होती है। चिंता का विषय वह फायर आर्म्स भी है जो अवैध निमार्ताओं द्वारा अपराधियो तक पहुचा दिए गए है। इन अवैध घातक, जानलेवा हथियारों का अपराधियो तक पहुचना हमारी व्यवस्था की गम्भीर चूक है। बड़वानी जिले के एडिशनल एसपी मानसिंह ठाकुर से जब अवैध हथियारों के अपराधों को पूरी तरह रोक पाने के विषय मे बात की तो उन्होंने बताया पुलिस अपराधियो पर कड़ी नजर रख रही है। विधानसभा चुनाव को शांति पूर्ण करवाने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा सभी थाना प्रभारियों को हथियारों के अवैध निर्माण, बिक्री को लेकर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए है। श्री ठाकुर के अनुसार बड़वानी जिले में 1 जनवरी 2023 से 20 सितंबर 2023 तक 40 प्रकरणों में 273 फायर आर्म्स पकड़े गए। हथियार निर्माण में रत अपराधियो द्वारा लालच के वशीभूत यह अपराध बार-बार किया जा रहा है।

## ओबीसी के नाम पर बेवकूफ बंनाने का ड्रामा

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**सांप्रदायिकता** और आरक्षण ने भारी संख्या में युवाओं का मानसिक और राजनीतिक विकास रोक दिया है। उन्हें कुंठित बना दिया है। उनकी जरूरत समाप्त हो चुकी है क्योंकि वे सामाजिक न्याय की मुख्यधारा से कट गए हैं। काट दिया गया है। इन दो नफरतों के कारण जरूरत ही समाप्त हो चुकी है। बेहतर है आप आरक्षण के महत्व को समझें। उसके नाम पर खुद को मुख्यधारा से अलग न करें। अपने भीतर जातिगत नफरत को मिटाइये। थोड़ी कोशिश करेंगे तो इस नफरत से मुक्ति मिल जाएगी। आप अच्छा महसूस करेंगे। सभी समाज के लोगों को यह बात समझनी चाहिए कि आरक्षण के कारण अवसर खत्म नहीं होते हैं। अवसर खत्म होते हैं दूसरी नीतियों के कारण। चार पूँजीपतियों की पूँजी बढ़ती रहे इसके लिए आर्थिक नीतियों का जाल बिछाने के कारण अवसर समाप्त होते हैं। लोग यह समझ नहीं पाते हैं कि उनकी नौकरी में रुकावट आरक्षण नहीं है। अवसर की कमी है। सरकार की मूर्खतापूर्ण हरकतों के कारण अवसर समाप्त हो चुके हैं। प्राइवेट हों या सरकारी क्षेत्र में। ये आरक्षण के कारण नहीं हुआ है। चूँकि आप आर्थिक जगत के मुश्किल खेल को नहीं समझ पाते तो फिर से आरक्षण पर पहुँच जाते हैं कि इसकी वजह से नौकरी नहीं मिल रही है। जबकि जिन्हें आरक्षण मिला है उन्हें भी नौकरी नहीं मिल रही है। अब आते हैं ओबीसी पर। केवल केंद्र सरकार के संस्थानों में शिक्षकों के खाली पदों को जोड़ लें तो पता चलेगा कि ओबीसी के चालीस से साठ फीसदी तक पद खाली हैं। ओबीसी कोटे की 16000 मेडिकल सीटों का चले जाना किसी अपराध से कम नहीं है। यूजीसी की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश भर के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में मात्र 09 ओबीसी प्रोफेसर पढ़ा रहे हैं जबकि स्वीकृत पद 304 हैं तो ओबीसी को भी वाजिब हक नहीं मिल रहा है। ओबीसी नेता के राज में ओबीसी को भी नौकरी नहीं मिल रही है। वर्ना केवल केंद्रीय विश्वविद्यालयों में कई हजार ओबीसी के नौजवान लेक्चरर बन गए होते। कितना बड़ा सामाजिक बदलाव होता। इन पदों पर बहालियां होती हैं तो सभी नौजवानों को भी लाभ मिलता। आरक्षण का अभिप्राय भी प्रतिनिधित्व से ही है।

## न्यूज फ्लैश

### 25 सितम्बर को करनाल के विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाए जाने पर पूर्णत पाबंदी : जिलाधीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिलाधीश** अनीश यादव ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत आदेश पारित कर मुख्यमंत्री हरियाणा के 25 सितम्बर को करनाल के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर निर्धारित क्षेत्र में ड्रोन को उड़ाए जाने पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी। आदेशों के तहत मुख्यमंत्री हरियाणा द्वारा विभिन्न कार्यक्रम स्थलों व अपने विधानसभा क्षेत्र में अन्य कई स्थानों का दौरा किए जाने की संभावना है, में मुख्यमंत्री की सुरक्षा कारणों के मद्देनजर एक किलोमीटर की परिधि के क्षेत्र में ड्रोन (यूएवी) की उड़ान प्रतिबंधित रहेगी।

### कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करना निंदनीय

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष** उदयभान द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर अभद्र टिप्पणी किए जाने की निंदा चौतरफा हो रही है। इस टिप्पणी पर मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की टिप्पणी करना उनकी छोटी सोच दिखाता है। ऐसे लोगों को हरियाणा की जनता लोकसभा और विधानसभा चुनाव में करारा जवाब देगी।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में गाली गलौच का सामान भरा हुआ है: बिप्लब देब

## 2014 में शुरू हुई भाजपा की विजय यात्रा को जारी रखने का संकल्प लें पन्ना प्रमुख : धनखड़

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। करनाल की घरौंडा** विधानसभा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब और प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने पन्ना प्रमुखों को पार्टी की रीढ़ बताते हुए 2024 में बड़ी जीत का दावा किया। दोनों नेताओं ने कांग्रेस के नेताओं द्वारा दिए जा रहे विवादित और उल-जलूल बयानों पर कांग्रेस को घेरा। प्रदेश प्रभारी ने जहां कांग्रेस को डूबता हुआ जहाज बताया, वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस की नीयत और नीति में खोट बताया। इससे पहले प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब और प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने सभी कार्यकताओं और नेताओं के साथ बैठकर सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात भी सुनी। दोनों नेताओं ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन के



आयोजक विधायक हरविन्द्र कल्याण को सफल आयोजन की बधाई दी।
प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उदयभान के बयान से कांग्रेस की असलियत जनता के सामने आई है और जनता 2024 के चुनाव में कांग्रेस को पूरी तरह नकारकर इसका जवाब देगी। बिप्लब देब ने कहा कि पन्ना प्रमुख पार्टी की विजय के सूत्रधार हैं और भाजपा की शक्ति उसका बूथ का कार्यकर्ता है। आगामी चुनाव में विजयश्री दिलाने में हमारे पन्ना प्रमुखों की विशेष भूमिका रहने वाली है। उन्होंने पन्ना प्रमुखों का आह्वान करते हुए कहा कि चुनाव 2024 के लिए अभी से कमर कस लें और मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम पर श्री देब ने बताया कि मन की बात एक सामाजिक चेतना का माध्यम है, जो नरेंद्र मोदी ने जन-जन तक पहुंचाया है। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने बोलते हुए हर कार्यकर्ता को पार्टी का आधार स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के दम पर ही 2014 से भारतीय जनता पार्टी की विजय यात्रा शुरू हुई। कार्यकताओं की मेहनत के दम पर भाजपा ऐसी पार्टी बन गई है जो बूथ स्तर पर मजबूत है। उन्होंने सभी पन्ना प्रमुखों से 2024 में केंद्र और हरियाणा में भाजपा सरकार को पुनः स्थापित करने के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 सालों में अपने वादे पूरे किए हैं। कश्मीर से धारा.370 को हटायाए अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से निजात दिलाई। 27 सालों से लटके महिला आरक्षण बिल को पास कराकर माताओं.बहनों को उनका हक दिलाने का ऐतिहासिक काम मोदी जी ने करके इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 9 साल के शासनकाल में अपने संकल्प को सिद्धी तक पहुंचाया है। यही कारण है कि आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना। सबका साथए सबका विकासए सबका विश्वास की नीतियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी देश को तरक्की की राह पर आगे बढ़ा रहे हैं।

## कुमारी शैलजा के जीवन का एकमात्र उद्देश्य जनहित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। अखिल भारतीय** कांग्रेस किसान सैल के राष्ट्रीय संयोजक व हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के पूर्व सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, करनाल लोकसभा के प्रबल दावेदार ललित बुटाना ने आज अपने आवास पर सभी कार्यकताओं के साथ कुमारी शैलजा के जन्मदिन पर पूजा पाठ व हवन यज्ञ कर ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि कुमारी शैलजा लोकप्रिय नेता है और उनके जीवन का एक ही उद्देश्य है वह है जनहित। इसी उद्देश्य के साथ वह दिन.रात निष्काम भाव से प्रदेश के लोगों की सेवा कर रही है। वे लोगों के हितों के लिए सरकार के साथ संघर्ष कर विपक्ष की भूमिका अच्छे से निभा रहीं हैं। उनका मकसद आमजन के हित में नीतियां बनवाना व कांग्रेस को मजबूत करना है। ललित बुटाना ने कहा कि कुमारी शैलजा कई अहम पदों पर रही हैं। केंद्र में मंत्री भी रह चुकी है हरियाणा कांग्रेस में प्रदेशाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा चुकी है। हरियाणा में उन्हें एक कद्दावर नेता के रूप में जाना जाता है। प्रदेश में चाहे बेरोजगारी की बात हो, महंगाई की बात हो या फिर भ्रष्टाचार की बात हो हर मुद्दों को उन्होंने बड़ी बेबाकी के साथ उठाया है।

## रक्तदान बहुत ही पुण्य का कार्य : कपिल किशोर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। एचडीएफसी बैंक** लिमिटेड और जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान महाकल्याण शिविर का आयोजन गांव रंदौली के देवी मंदिर में किया गया। शिविर के लिए लगभग 65 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 55 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की टीम ने रक्त एकत्रित किया। शिविर के संयोजक कपिल किशोर ने कहा कि रक्तदान बहुत ही पुण्य का कार्य है। हर इंसान को नियमित रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इससे जहां हम जरूरतमंद मरीज की जान बचाने



में सहायता करते हैं, वहीं नियमित रक्तदाता को भी कई बीमारियों से छुटकारा मिलता है। उन्होंने बताया कि थैलेसिमिया जैसी बीमारी से बचने के लिये शादी से पहले हर लडका एवं लडकी को अपना ब्लड टैस्ट अवश्य कराना चाहिए। हर गर्भवती महिला को भी अपने रक्त की जांच अवश्य करानी चाहिये। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उन्होंने बताया कि अगला रक्तदान शिविर 1 अक्टूबर दिन रविवार को सैनी समाज धर्मशाला, गांव बयाना में सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक लगाया जाएगा।

रक्तदान शिविर के आयोजन में गांव के सरपंच लाल चंद, अनिल पाल, सतीश राणा, हरीश माणिक, वेद प्रकाश, धर्मवीर, दलबीर राणा, राजेश कुमार, पवन पाल, अनिल शर्मा, हरीश नारंग, सुखविंद्र सिंह, संजीव राणा, राकेश राणा, गुलशन राणा, प्रदीप राणा, बब्बी, सोनू राणा, संदीप, टोनू, चरणजीत सिंह, एचडीएफ सी बैंक से संजीव उप्पल और दर्पण वालेचा का विशेष सहयोग रहा।

## प्राणायाम और योगासनों से बढ़ती है शरीर की इम्यूनिटी : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में नई योग कक्षाएं लगाई जा रही हैं। इसी कड़ी में योग कक्षा पार्क एन्क्लेव एसेक्टर 13 में मिशन के संस्थापक योग गुरु दिनेश गुलाटी ने विशेष योग सत्र लिया। योग द्वारा स्वास्थ्य लाभ लेते हुए योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सभी योगिक क्रियाएं की। दिनेश गुलाटी ने कक्षा में प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए बताया कि योग हमारी प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है, जिसके द्वारा विभिन्न रोगों से आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है। योग स्वयं ही



एक औषधि का कार्य करता है। प्राणायाम और योगासनों से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ती है और आज के समय में हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता का मजबूत होना बहुत ही आवश्यक है। यही रोग प्रतिरोधक क्षमता हमें बीमारियों से लडने की क्षमता बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि योग की सभी क्रियाएं बहुत महत्वपूर्ण है, जो एक स्वस्थ जीवन शैली के लिए आवश्यक है और योग करने वाला व्यक्ति दिन भर एक्टिव रहता है।

## 7 किलोग्राम डोडा पोस्त सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। सीआईए स्टाफ** असंध की टीम द्वारा आरोपी जोगा सिंह पुत्र गुरचरण सिंह वासी बांसा निसिंग को विश्वसनीय सूचना पर गगसीना रोड बांसा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से सफेद कट्टे में 7 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह झारखंड से अनजान व्यक्ति से डोडा पोस्त खरीद कर लाता है और चलते फिरते नशा करने वालो को बेचकर पैसे कमाता है।

## सरकार ने 10 साल पुराने आधार को अपडेट करवाने की समय सीमा को बढाकर किया 14 दिसम्बर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। उपायुक्त अनीश** यादव ने जिलावासियों का आह्वान किया कि जिन लोगों के आधार कार्ड आठ से दस साल पहले बने थे वे सभी तुंरत अपने आधार कार्ड को अपडेट करवाएं ताकि भविष्य में उन्हें कोई परेशानी न आए। उन्होंने कहा कि सरकार ने आधार को अपडेट करवाने की समयसीमा को 14 सितंबर से बढाकर 14 दिसम्बर कर दिया है। अब 14 दिसम्बर तक लोग स्वयं आधार को निशुल्क अपडेट करवा सकते हैं।उपायुक्त ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने 10 साल पुराने आधार को अपडेट करवाएं। आधार को अपडेट करवाने से व्यक्ति को अनेक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इनमें आधार के संग वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना से राशन लेना आसान होगा, देश में किसी भी डिपो से राशन ले सकेगा। आधार के माध्यम से बैंक खाता खुलवाना आसान होगा, लाभार्थियों को आसानी से लगभग एक हजार डिजिटल सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। सिम कार्ड लेना, आधार से स्कॉलरशिप पाना, इनकम टैक्स रिटर्न करवाना तथा आधार से गुमशुदा लोगों को उनके परिवारजनों से मिलवाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत या सुझाव के लिए 1947 डायल करें। उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों से पहचान के प्रमाण के रूप में स्वीकार करने से पहले आधार को सत्यापित करने का भी आह्वान किया है ताकि नकली व फोटोशॉप किए गए फर्जी आधार कार्ड की पहचान करने में मदद मिल सके। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि यूआईडीएआई के डाटा के मुताबिक जिला में बहुत से ऐसे नागरिक हैं, जिन्होंने पिछले 10 वर्षों में आधार में अपने दस्तावेज अपडेट नहीं किए हैं। इसलिए उन्होंने आधार धारकों से आग्रह किया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिन्होंने पिछले 10 वर्षों में अपने आधार को अपडेट नहीं किया है, वे पहचान के प्रमाण (पीओआई) तथा पते के प्रमाण (पीओए) के वैध सहायक दस्तावेजों के साथ आधार को माई आधार पोर्टल या एम आधार ऐप के माध्यम से ऑनलाइन या निकटतम आधार केंद्र पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से अपडेट करें।

उपायुक्त ने कहा कि पिछले एक दशक में आधार कार्ड भारत में निवासियों की पहचान के सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत प्रमाण के रूप में उभरा है। नागरिक अपने आधार को पहचान के वर्तमान प्रमाण और पते के प्रमाण के साथ अपडेट रखें।

## गाली देना कांग्रेस की संस्कृति: सुभाष चंद्र

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कांग्रेस प्रदेश** अध्यक्ष उदयभान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बारे कहे गए शब्दों का चौतरफा विरोध जारी है। इसके विरोध में भाजपा कार्यकताओं भारी रोष पाया जा रहा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के विवादास्पद बयान पर पलटवार करते हुए स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि कांग्रेस ये मान चुकी है कि वह अब कहीं भी भाजपा के मुकाबला में नही है। इसी हताशा में उनके नेता अनाप शनाप बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जी20 की अपार सपऊलता, चंद्रयान



की सफलता तथा नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित होने पर बढ़े देश के मान-सम्मान को कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। इसलिए बोखलाहट में अनर्गल बयान दे रहे हैं। उदय भान के बयान पर सुभाष चन्द्र ने कहा कि इस बयान की जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। भाजपा इस बयान की घोर निन्दा करती है। प्रधानमंत्री को गाली देना कांग्रेस की आदत ही नहीं बल्कि यह कांग्रेस की संस्कृति बन गई है।

उन्होंने कहा कि उदयभान हो या रणदीप सुरजेवाला उनके बयानों से साफ जाहिर है कि यह लोग लोकतंत्र में विश्वास नहीं करते। जनता इनकी हरकतों को अच्छे से देख और समझ रही है। समय आने पर वह इसका मुंह तोड़ जवाब जरूर देगी। प्रधानमंत्री को कभी चाय वाला कह कर तंज कसना, कभी उनकी जाति पर टिप्पणी कर पूरे ओबीसी जातियों का अपमान किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि अपने आकाओं को खुश करने की कोशिश में उदयभान को याद रखना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश हित के लिए अपने परिवार त्यागे हैं तथा पूरे देश को अपना परिवार माना है। देश की सेवा करने के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन खपा दिया है। उदयभान और रणदीप सुरजेवाला जैसे नेताओं को क्या मालूम कि त्याग और समर्पण क्या होता है। दूसरों पर उंगली उठाने से पहले उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

## 51 ग्राम 90 मिलीग्राम अफीम सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा आरोपी विक्रमजीत सिंह पुत्र अमरीक सिंह वासी विकास नगर करनाल को विश्वसनीय सूचना पर नानकसर गुरुद्वारा विकास नगर के पास से मोटरसाइकिल पर जाते हुए काबू किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 51 ग्राम 90 मिलीग्राम अफीम बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान पाया गया कि आरोपी घर खर्च के लिए अफीम बेचने का काम करता है। आरोपी कुछ दिन पहले जिला शामली उत्तर प्रदेश से एक नामालूम व्यक्ति से 232 ग्राम के करीब अफीम को खरीद कर लाया था, जिसमें से वह कुछ अफीम चलते-फिरते नशा करने वाले को छोटी-छोटी मात्रा में बेच चुका है और बची हुई अफीम भी नशा करने वालों को बेचनी थी। आरोपी को आज पेश न्यायालय करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया है, जिसमें आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और जिसके पास से आरोपी अफीम खरीद कर लाया था, उसकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

## साइक्लोथॉन के समापन समारोह में गजेंद्र बांधेंगे गीता का समां

करनाल/टीम एक्शन इंडिया। नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा शुरू की गई साइक्लोथॉन सोमवार को भव्य कार्यक्रम के रूप में समाप्त होगी। 25 सितंबर को शाम 4 बजे करनाल के सेक्टर-4 में स्थित दशहरा ग्राउंड में समापन समारोह होगा। इसमें मुख्यमंत्री के ओएसडी और हरियाणवी कलाकार गजेंद्र फोगाट अपनी प्रस्तुति देंगे। उनके साथ-साथ अन्य कलाकार भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और गीतों के माध्यम से सास्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। रविवार को मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फोगाट ने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सास्कृतिक मंच को लेकर



कुछ सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नशा मुक्त अभियान के तहत साइक्लोथॉन की शुरूआत की जो कर्ण नगरी करनाल में समाप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को साइक्लोथॉन के समापन समारोह में वह स्वयं भी गीतों की प्रस्तुति देंगे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में लाईट एवं साउंड शो रखा गया है जिसमें 50 से अधिक कलाकार नशे के खिलाफ नाटक व गीतों के माध्यम से जागरूकता फैलाने का काम करेंगे। ओएसडी गजेंद्र फोगाट ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक अच्छी सोच को लेकर हरियाणा प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ा रहे हैं। इसी के चलते उन्होंने नशे जैसी बुराई के खिलाफ साइक्लोथॉन की शुरूआत की। निश्चित रूप से इस साइक्लोथॉन से समाज में एक अच्छा संदेश गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल भविष्य में भी इसी तरह प्रदेश की तरक्की के लिए कार्य करते रहेंगे।

**साइक्लोथओन के समापन समारोह में गजेंद्र फोगाट लाइव का होगा आयोजन**

बाबू आला चेतक और सेक्टर आली कोठी जैसे प्रसिद्ध हरियाणवी गीतों से देश मे धूम मचाने वाले मशहूर गायक गजेंद्र फोगाट अपनी मनमोहक प्रस्तुति देने पहुंच रहे हैं। साइक्लोथओन के समापन समारोह में गजेंद्र ऑर्केस्ट्रा पर अपने गीतों के माध्यम से युवाओं को थिरकने पर मजबूर करने वाली प्रस्तुति देंगे।

## न्यूज फ्लैश

### अभियान आपके द्वारा: बडी संख्या में मिल रहे हैं टैम्पर्ड मीटर, लगे मिले रजिस्टेंस

**-मीटर से छेड़छाड़ करने और कराने वालों के खिलाफ की जा रही है सख्त कार्यवाही**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

विद्युत विभाग के द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपके द्वारा के परिणाम सामने आने लगे हैं। चेकिंग के दौरान बडी संख्या में ऐसे टैम्पर्ड मीटर पकड़े जा रहे हैं। शातिर किस्म के बिजली चोर इस तरह की तकनीक का उपयोग करते हैं। मीटर की जांच के दौरान पाया गया कि ऐसे उपभोक्ताओं ने किसी एक्सपर्ट से मीटर की सील तुडवा कर सीटी को बाइपास कराया या फिर मीटर में एक अतिरिक्त रजिस्टेंस लगा मिला। जिससे मीटर की रीडिंग धमा हो गया। इस स्थिति में मीटर कम रीडिंग बनाता है जिसका लाभ बिजली की चोरी करने वाले उपभोक्ता उठा रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ विभाग अभियान चला कर कार्यवाही करेगा। ऐसे उपभोक्ताओं के मीटरों की गोपनीय तरीके से चौकिंग कराई जा रही है। क्षेत्र के अंदर ऐसे सभी मीटरों को चिन्हत कर बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान लगातार चलेगा। मीटर में छेड़छाड़ करने और कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। बिजली की कम खपत दिखाने के लिए विद्युत मीटर से छेड़छाड़ करने वलों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। बिजली विभाग ने कई ऐसे मीटरों को पकड़ा है, जिनके उपर विद्युत विभाग ने भारी भरकम जुमार्ना लगाया है। एसडीओ राहुल चौरसिया ने बताया कि अब कस्बा चौमुहां में चेकिंग अभियान के दौरान 21 उपभोक्ताओं के विद्युत मीटरों में बिजली चोरी होते हुए पकडी गई है। पिछले दिनों आठ टैम्पर्ड मीटरों को जांच के लिए परीक्षण लैब भेजा गया था। जांच में सात विद्युत मीटर से कम रीडिंग निकालने के लिए छेड़छाड़ की गई थी। इन सभी उपभोक्ताओं पर जुमार्ना लगाया है। जबकि 13 उपभोक्ताओं को 22 सितंबर को मीटर चेक कराने के लिए कहा गया था। 22 सितम्बर को उपखण्ड अधिकारी चौमुहां राहुल चौरसिया और सहायक अभियंता मीटर दिनेश गोविल की मौजूदगी में वीडियो ग्राफी कराते हुए मीटर चौक किये गये। जिसमें पांच उपभोक्ता अपना मीटर चेक कराने पहुंचे। मीटर के परीक्षण में सभी पांच उपभोक्ता दोषी पाये गये। पांचों पर मौके पर ही समन शुल्क और असिस्टेंट खंड कार्यालय में जमा कराया गया। बाकी आठ उपभोक्ताओं को छह अक्टूबर तक मीटर परीक्षण कराने के लिए नोटिस भेजा गया है। इस माह में अब तक चौमुहां क्षेत्र में 14 मीटर के परीक्षण 13 उपभोक्ता दोषी पाये गये हैं। जिन से 1.1 लाख का जुमार्ना वसूला जा चुका है। लगभग इनसे साढे चार लाख का राजस्व जल्द ही जमा कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक हुई मीटरों की जांच में उपभोक्ताओं ने किसी एक्सपर्ट से मीटर की सील तुडवा कर सीटी को बाइपास कराया या फिर मीटर में एक अतिरिक्त रजिस्टेंस लगा मिला। जिससे मीटर की रीडिंग धमा हो गया। इस स्थिति में मीटर कम रीडिंग बनाता है जिसका लाभ बिजली की चोरी करने वाले उपभोक्ता उठा रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ विभाग अभियान चला कर कार्यवाही करेगा। ऐसे उपभोक्ताओं के मीटरों की गोपनीय तरीके से चौकिंग कराई जा रही है। क्षेत्र के अंदर ऐसे सभी मीटरों को चिन्हित कर बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान लगातार चलेगा। मीटर में छेडछाड करने और कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### रोक के बावजूद पशु पैंठ लगाने का हुआ प्रयास

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शहर के मोहल्ला निकासा में लगने वाली पैठ को लम्पी रोग के कारण अभी स्थगित किए जाने के बावजूद पैंठ लगाने के प्रयास करने के बाद पुलिस एक्शन में आ गई। पुलिस ने वहां एकत्रित हुए व्यापारी एवं पशु स्वामियों और वाहनों को खदेड दिया। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद वहां कुछ ही देर में पैंठ खाली हो गई। दरअसल लम्पी रोग का प्रकोप अभी कम नहीं हुआ है। लगातार पशु इसके शिकार होते जा रहे हैं। रोग का संक्रमण और अधिक न फैले इसके लिए प्रशासन ने पशुओं की पैंठ लगने और एक स्थान पर एकत्रित किए जाने पर रोक लगाई हुई है। शासन के निर्देश के बावजूद रविवार को शहर के निकासा स्थित पशु पैंठ में रविवार को पशुओं को लाया गया वहीं बडी संख्या में पशु व्यापारी भी एकत्रित हुए। नियमों के उल्लंघन किए जाने के बारे में जब पुलिस को जानकारी हुई तो बडी संख्या में पुलिस कर्मियों को लेकर कस्बा चौकी प्रभारी जतिन पाल सिंह वहां पहुंचे और सभी को वहां से खदेड दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने सभी को नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी है।

# साइबर क्राइम के लिए 'मैटेरियल तैयार' करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**गिरफ्तार**

**8 फिंगर प्रिंट का क्लोन तैयार करने वाले तीन पकड़े**
**-मुन्ना मलिक सहित तीन लोगों को किया गिरफ्तार**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

साइबर क्राइम के लिए मैटेरियल तैयार करने वाले गिरोह का मथुरा पुलिस ने खुलासा किया है। फिंगर प्रिंट का क्लोन तैयार कर अंतरराज्यीय साइबर अपराधियों को, कोटेदारों को, फर्जी सिम खरीदने और बेचने वालों, फर्जी पासपोर्ट आदि तैयार करने वाले गिरोहों और दूसरे जालसाजों को बेचने वाले गिरोह का मथुरा पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन लोगों को दबोचा है। इनके कब्जे से भारी मात्रा में सामान और दस्तावेज बरामद किये गये हैं। पुलिस अब उन लोगों को भी तलाश रही है जिन्हें यह गिरोह जालसाजी के लिए इस तरह के उपकरण और सामान मुहैया कराते थे। थाना कोतवाली व स्वाट टीम की संयुक्त टीम द्वारा साइबर कैफे, जनसेवा केन्द्र में फर्जी अंगूठे के क्लोन से फर्जी आधार कार्ड तैयार कर साइबर अपराधियों को, कोटेदारों को बेचने, तैयार करने वाले एवं फजीर्वाड़ा करने वाले रवि पुत्र मुन्ना लाल निवासी सुखदेव नगर थाना कोतवाली, मुन्ना मलिक पुत्र हुसैनी निवासी सुखदेवनगर थाना कोतवाली, कमरूद्दीन पुत्र बिल्लू उस्मानी निवासी सुखदेव नगर थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली संजय कुमार पाण्डेय, प्रभारी स्वाट टीम अभय कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी कृष्णा नगर अजय अवाना आदि शामिल थे।

स्वाट और कोतवाली मथुरा की टीम ने तीन सदस्यीय गिरोह पकडा है। ये फर्जी आधार कार्ड बनाने, आधार कार्ड का डेटा फर्जी तरीके से चेंज करने, फर्जी डॉक्यूमेंट के आधार पर सिम कार्ड लेकर साइबर अपराधियों को बेचना, लोगों के अंगूठे के निशान की क्लोनिंग करते थे, क्लोन अंगूठे के निशान मिले हैं। यहां तक भी बात आई है कि कोटे अनाज निकालने में फर्जी अंगूठे के निशान का इस्तेमाल भी होता था। ये इस तरह का कृत्य कर के फर्जी डाक्यूमेंट अपराधियों को भेजते थे, इस पर भी हमारी टीम काम कर रही है।
लगभग 110 अंगूठे के निषान, फर्जी आधार कार्ड के प्रिंट इनके पास से बरामद किये गये हैं। इनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही भी सुनिष्चित की गई है।
**- शैलेश कुमार पांडेय, एसएसपी मथुरा**

### गिरोह के लोगों से ये हुआ बरामद

मेडिकल ऑफिसर डिस्ट्रिक्ट हॉस्पीटल मथुरा, डॉ. कमल कौशिक प्रधानाचार्य श्री कृष्णा इंटर कॉलेज गोकुल मथुरा तथा अनीता गुर्जर पार्षद वार्ड नम्बर 22 बाकलपुर नगर निगम मथुरा वृन्दावन की फर्जी मोहर, दो प्रिंटर, एक लैपटॉप, एक मॉनिटर, एक सीपीयू,
एक माउस, एक कीबोर्ड, 40 आधार कार्डों की छायाप्रति, 40 पारदर्शी पन्नी के अन्दर पॉलीमर से बने अंगूठा निशानी, 70 पॉलीमर के अंगूठे निशानी, दो अंगूठा रीडर, एक एटीएम, चार मुहरें मय मोहर पैड के, एक स्वैप मशीन आदि सामान बरामद हुआ है।

## सुगंध दशमी पर जिनालयों में उमड़े भक्त



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कोसीकलां में दशलक्षण पर्व के चलते रविवार को सुगंध दशमी की धूम रही। समाज के लोगों ने नगर के विभिन्न जैन मंदिरों में परिक्रमा करते हुए सुगंध दशमी मनाई तथा जिनेंद्र भगवान की आरती उतारी। भक्ति व आस्था के माहौल के बीच सुगंध दशमी व्रत कथा का वाचन जैन विद्वानों ने किया। मंदिरों में रखे पात्रों में धूप खेवन किया गया और शाम को भगवान की जब आरती उतारी गई तो एक अद्भुत दृश्य मंदिर में दिखाई दिया। जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व में जैन विद्वान आयुष जैन ने कहा कि पंच इंद्रियों के विषयों का जीतना संयम है। उत्तम संयम को धारण करने से भव-भव के बंधन कट जाते हैं। कहते हैं देव भी संयम के लिए तरसते हैं।

पांच इंद्रियों के विषयों को भोग छोड़ने से संयम होता है। कषायों के नाश करने से संयम होता है।
मंदिर पर सुभाष जैन, सतीशचंद जैन, कैलाश चंदौरिया, राजेंद्र जैन, ऋषभ जैन, विनोद जैन, दिनेश जैन, कैलाश मेंबर, नवीन जैन, प्रवीन जैन, आदि मौजूद थे। सपेरे वाले मंदिर एवं आने वाला मंदिर भी महावीर के जयघोषो से गुंज उठे। रात्रि में खेडे वाले जैन मंदिर पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अलावा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए, जिन्हे देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए।

## खाटू श्याम की तर्ज पर सुलभ होंगे प्रभु के दर्शन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

राजस्थान सरकार की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि जैसे खाटू श्याम से जिगजैग अवरोधक खत्म कर श्रद्धालुओं को प्रभु के सुलभ दर्शनों की कोशिश की गई है। उसी तर्ज पर राजस्थान सरकार ब्रजभूमि के अन्य मंदिरों में व्यवस्था लागू करने का प्रयास करेगी। तथा अन्य सहूलियतें भी प्रदान करेगी। रविवार को राजस्थान सरकार की उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुंतला रावत गोवर्धन पहुंची। उन्होंने गिरिराज जी का दूध से अभिषेक कर पूजा अर्चना की। सेवायत पवन कौशिक ने पूजा संपन्न कराई। सेवायत गिरधारी लाल अन्नो व मंदिर प्रबंध कमेटी के सतीश शर्मा ने प्रसादी दुपट्टा और प्रसाद भेंट किया।

## आप ने कठौती कुआं क्षेत्र में लगाई तिरंगा शाखा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

कठौती कुआं क्षेत्र में आम आदमी पार्टी ने तिरंगा शाखा का आयोजन किया। सर्वप्रथम तिरंगा शाखा के जिला प्रमुख सुरेश कुमार सैनी ने संविधान में दर्ज प्रस्तावना को सभी के साथ दोहराया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने शाखा सेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान प्रत्येक भारतीय नागरिक के समान अधिकार और कर्तव्य सुनिश्चित करता है। प्रत्येक भारतवासी को एक ओर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। वहीं दूसरी ओर कर्तव्यों का पालन भी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए। उपस्थित शाखा सेवियो ने मोहल्ले की समस्या बताते हुए कहा की हर घर नल और नल में जल वाला भाजपा का वायदा अभी तक पूरा नहीं है। मोहल्ले वासियों से पूरा टैक्स वसूला जाता है लेकिन पीने का पानी लेने के लिए महिलाओं को दो किलोमीटर दूर बंगाली घाट जाना पड़ता है। इसी के साथ साथ मोहल्ले में गंदगी के अंबार हैं जिसकी वजह से बदबू और मच्छरों के बीच सकरी गलियों के निवासियों को बेहद कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में आक्रोशित महिलाएं आंदोलन के रास्ते पर जाने का मन बना रही हैं। जिला शाखा प्रमुख की ओर से समस्या के समाधान के लिए नगर निगम के अधिकारियों से मुलाकात करने का वादा किया गया।

# मेरठ से संघर्ष का संदेश लेकर लौटे भाकियू चढ़ूने के पदाधिकारी

**महापंचायत**

**8 - किसान महापंचायत में बिजली, निराश्रित गौवंश, एमएसपी के मुद्दे उठाए गए**



चित्र परिचय-मेरठ महापंचायत में षामिल होने के लिए पहुंचे भाकियू चढ़ूनी के स्थानीय पदाधिकारी।

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भाकियू चढ़ूनी के स्थानीय पदाधिकारी किसान हित में संघर्ष का संदेश लेकर लौटे। स्थानीय पदाधिकारियों ने बताया कि मेठर की किसान महापंचायत में बिजली, निराश्रित गोवंश और एमएसपी जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाये गये। मेरठ महापंचायत में शामिल हुए मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर कहा कि स्थानीय पदाधिकारियों ने रविवार को किसान महापंचायत में भाग लिया। किसान महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूंनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरुनाम सिंह चढ़ूंनी के आह्वान पर बुलाई गई थी। प्रदेश सरकार किसानों का दोहन और शोषण करने से बाज नहीं आ रही है। किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की घोषणा की थी लेकिन किसानों के ट्यूबवेलों पर मीटर ठोके जा रहे हैं। बिजली अधिकारी कनेक्शन होने के बाद भी किसानों पर मुकदमा दायर कर शोषण कर रहे हैं। किसानों की लगातार अनदेखी हो रही है। किसानों को उसकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है, आलू किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार खराब हो रही है, लागत मूल्य, खाद, बिजली, डीजल की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। जिलाध्यक्ष रामफल सिंह सूबेदार, प्रदेश महासचिव डा सतीश चन्द्र, तहसील अध्यक्ष श्यामवीर सिंह सिकरवार ने महापंचायत में जनपद की प्रमुख समस्याओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष उठाया। विद्युत विभाग मनमानी कर किसानों को परेशान कर रहा है। किसान दुःखी व पीड़ित हैं, कोई सुनवाई नहीं हो रही है। महापंचायत में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामवीर सिंह सिकरवार, महानगर प्रभारी जयपाल सिंह, श्यामपाल सिंह, डा अशोक सिकरवार, पुष्पेंद्र सिंह चौधरी, सोनवीर सिंह तोमर, हरिपाल, श्यामवीर सिंह परिहार, छत्रपाल सिंह सिकरवार, महेश प्रधान, संदीप कुमार आदि ने भाग लिया।

## विपत्ति में केवल सत्कर्म ही काम आते हैं: बालयोगी महाराज

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

भाद्रपद शुक्ल पक्ष की छटी को समूचे ब्रज में बदलेव छठ का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों, मठ, आश्रमों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये। श्री गुरु कार्ष्णि उदासीन आश्रम बालयोगी धाम कारब मथुरा में बलदेव छठ पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के दौरान सैकड़ों साधु संतों एवं ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अखण्डानन्द आश्रम के महंत श्रवणानंद महाराज भी आश्रम पहुंचे। आश्रम के महंत बालयोगी महाराज ने कहा कि सैकड़ों साधु संत भंडारे में आये। आम जनता भी प्रसाद ग्रहण किया। इसमें संदेष यह है कि पुण्य कार्य करते रहना चाहिए। पुण्य कार्य करते रहने से हमारी संभावना है कि हम जहां से आये हैं लौट के वहां जा सकते हैं। भगवान की तुलना मां से की गई है कि करो सदा तिन की रखवाली जो बालक राखें महतारी अर्थात मां छोटे बच्चे को तैयार कर स्कूल भेजती है लेकिन हिंदुस्तान में कोई ऐसी मां है जो बच्चे के लौटने का इंतजार नहीं करती हो। हर मां बच्चे के लौटने का इंतजार करती है। बच्चे की एक बजे छुट्टी हो जाएगी तो कम से कम डेढ़ बजे तक वह मेरे पास जरूर आ जाएगा और मां से तुलना भगवान की की गई है। भगवान ने हमें धरती पर भेजा है तो वह भी हमारा इंतजार कर रहा है कि बच्चा सत्कर्म करे, अच्छे कार्य करे जिससे लौट कर मेरे पास ही आ जाये। उल्टे सीधे काम न करे जिससे उसे यमराज नहीं ले जाएं, नरक में नहीं चला जाए। लौट कर मेरे पास ही आ जाये। इस लिए पुण्य और अच्छे काम करते रहना चाहिए क्यों कि परमात्मा हमारा इंतजार कर रहा है।

## पुलिस ने 25 हजार के इनामी अंतर्राज्यीय लुटेरे को किया गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

थाना कोसीकलां पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए 25 हजार के इनामी अंतर्राज्यीय लुटेरे को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से अभियुक्त घायल हो गया।

घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट लगी मोटरसाइकिल, एक तमंचा, जिंदा और खोखा कारतूस बरामद किये हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अनुज कुमार के मुताबिक षनिवार की रात को कामर कोसी रोड दहगांव मोड़ पर योगेश पुत्र वीरी सिंह निवासी ग्राम ककरेटिया थाना राया मुठभेड के बाद गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में डेढ दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## वृंदावन की घटना से नहीं लिया सबक, अब मथुरा में गिरा मकान



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

शनिवार को हुई बरसात से शहर के व्यस्त इलाके में एक मकान का कुछ हिस्सा भरभरा कर गिर पडा। गनीमत यह रही हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। घटना शनिवार की देर शाम चौक बाजार क्षेत्र में हुई। मकान गिरने की आवाज सुनते ही लोग घटना स्थल की ओर दौड पडे। लोगों को आशंका थी कि काई इस मलबे में दबा हो सकता है। आनन फानन में लोगों ने मलबे को हटाने का प्रयास शुरू कर दिया। लोगों ने राहत की सांस ली जब मलबे को पूरी तरह से हटा दिया गया। पुराने मथुरा वृंदावन में बडी संख्या में ऐसे मकान हैं जिन्हें छोडकर उनके मालिक चले गये हैं, या मकान इतने पुराने हैं कि उनकी हालात जर्जर हो चली है और इन मकानों से कभी भी बडा हादसा हो सकता है। 15 अगस्त को वृंदावन के दुसायत मोहल्ले में मकान का छज्जा गिरने से 5 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद नगर निगम ने जर्जर मकानों को हटाने के लिए नोटिस दिए थे। लेकिन इसके बाद शायद नगर निगम कार्यवाही करना भूल गया। अभी हाल के दिनों में मकान गिरने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। शहर के अति व्यस्त बाजार चौक बाजार में शनिवार की देर रात एक मकान धराशाई हो गया। ढाई सौ गज में बने इस मकान में तीन परिवार किराए पर रहते हैं। जिसमें से एक परिवार भाजपा के मंडल महामंत्री सूबेदार मणि का भी है। मकान का जो हिस्सा गिरा उस तरफ कोई नहीं रहता।

# 'नाचत श्याम मोरन संग मुदित ही श्याम रिझावत'



सखियां इस विचित्र मोर के रूप रंग का वर्णन और इस मोर की महिमा का गायन करती हैं।

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

ऐसी कोकिला अलावत पपैया देत स्वर ऐसो मेघ गरज मृदंग बजावत। रसिक शिरोमणि स्वामी हरिदास का यह पद श्याम सुंदर की मयूर लीला को दशार्ता है। पांच हजार वर्ष पूर्व द्वापर काल की लीलाओं के दर्शन आज भी ब्रज में जगह जगह देखने को मिलते हैं। मयूर लीला बरसाना के ब्रह्मांचल पर्वत पर स्थित प्राचीन लीला स्थली मोर कुटी पर श्रीराधारानी के जन्माभिषेक अगले दिन होती है। लीला में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण मोर बन श्री वृषभानु नंदिनी श्रीराधा के कर कमलों से मेवा, लड्डू आदि का भोग लगाते हैं। श्रीराधारानी की सखियां इस विचित्र मोर के रूप रंग का वर्णन और इस मोर की महिमा का गायन करती हैं। श्रीराधारानी द्वारा मोर भगवान को लड्डू भोग लगाया जाता है। भक्तों को प्रसाद लुटाए जाते हैं। हजारों की संख्या में इस महाप्रसादी लड्डू को लूटने की होड भक्तों में लगी रही। एक दुसरे से लड्डू को लूटते हैं। वहीं मोर कुटी महन्त जयदेव बाबा मोर बिहारी जू के घोडा बन मोर बने भगवान श्रीकृष्ण को रास में घुमाया, और मोर बिहारी भगवान का स्वयं भोग लगाया। इस प्राचीन स्थल का प्राकट्य आज से साढ़े पांच सौ वर्ष पहले ब्रजाचार्य श्रील नारायण भट्ट जी जो देवऋषि नारद मुनी के अवतार कहे जाते हैं ने किया था। कहा जाता है कि पहले यहां सिर्फ रास चबूतरा था। इसके बाद जयपुर नरेश माधो सिंह ने इस चबूतरा पर एक कमरा बनवाया था। लेकिन आज प्राचीन स्थल पर एक भव्य मंदिर बना हुआ है। जहां आज भी राधा कृष्ण के मयूर चित्र की पूजा अर्चना होती है। कहा जाता है कि एक बार राधा रानी मोर देखने के लिए मोरकुटी पर पहुंची, लेकिन वहां एक भी मोर न दिखने पर वो मायूस हो गईं। वृषभानु नन्दनी श्रीराधा को उदास देख खुद भगवान श्रीकृष्ण मोर का रुप धारण कर नृत्य करते है। इस दौरान मोर को नाचता देख राधारानी उसे लड्डू खिलाती हैं तो तभी उनकी सखियां पहचान जाती है कि खुद श्याम सुंदर मयूर बन के आयौ है, कहती हैं राधा ने बुलायो कान्हा मोर बन आयो। आज ही के दिन श्रीराधारानी के निज महल में बाबा बृषभानोत्सव में बधाई गायन लीला होती है। ढाढिन ढाडी बाबा वृषभानु और कीर्ति मइया को नाज गाकर बधाई सुनाते है और बधाई लेकर खुशीयाँ मनाते हुए जाते है। जिनकी सेवा होती है वे गोस्वामी बडे जोरशोर से ढाढिन ढाडी को बधाई देते हैं।
यह परपंरा सैकडों वर्षो से श्रीजी मन्दिर में होती चली आ रही है। प्राचीन मोरकुटी स्थल पर कई संतों ने तपस्या की।

वहीं राधा बल्लभ सम्प्रदाय के भक्त कवि नागरी दास ने भी इस प्राचीन स्थल पर तपस्या की थी। आज यहाँ जयदेवदास बाबा महाराज रहते जो आज के दिन मोरकुटी लीला के साथ सन्तो का भण्डारा व भक्तों को मोर भगवान के प्रसादी लड्डू लुटाये जाते है।

# सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राले



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

इलाका पुलिस की मिलीभगत कहें या लापरवाही जिसके चलते ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली सड़कों पर बेलगाम होकर मौत बनकर दौड़ रही हैं। दिन छिपते ही क्षेत्र में ओवरलोडिंग का खेल शुरू हो जाता है। लकड़ी और ईंट से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली दिन हो या रात आसानी से पुलिस चौकियों के सामने से चौक पोस्ट से पास हो जाते हैं। लोगों का आरोप है कि यह पुलिस और एआरटीओ की कमाई का जरिया बन चुके हैं। ओवरलोड वाहन से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद एआरटीओ और पुलिस इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ओवरलोड वाहन चालकों की नकेल नहीं कसी जा रही है। अफसरों की मानें तो नियमानुसार इस तरह के कार्य में लगे वाहनों का रजिस्ट्रेशन कामर्षिय में होता है। जबकि सामान्यतः ट्रेक्टर केवल कृषि कार्यों को करने के लिए हो सकता है, लेकिन फिर भी नौहझील क्षेत्र में लकड़ी और ईंट भट्ठे का ज्यादा कारोबार होने के चलते इस क्षेत्र में अवैध रूप से ट्रालों का संचालन हो रहा है। इन ट्रालों से क्षेत्र में ईंट भट्ठे से तादात से ज्यादा ईंट भरकर ढोया जाता है। इसके अलावा लकड़ी एवं अन्य सामान भी इन ट्रालों से खूब ढोया जा रहा है। इन ट्रालों में लकड़ी इस कदर भरी होती है कि इसमें आगे और पीछे का कुछ भी नहीं दिखाई देता।

# कांस्टेबल सुरेंद्र को वीरेंद्र कादियान ने किया सम्मानित

## 'आरपीएसएफ कांस्टेबल सुरेंद्र ने लोगों की जान बचाकर किया सराहनीय कार्य'

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**साहस** का कार्य करने पर देश की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों जीवन रक्षक पदक पुरस्कार पाने वाले गुमड़ गांव के रेलवे सुरक्षा विशेष बल (आरपीएसएफ) कर्मी कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार को मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के एमडी समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने सम्मानित करने के साथ ही बधाई दी और कहा कि हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि गुमड़ गांव के लाल सुरेंद्र कुमार ने देश सेवा के साथ लोगों की जान बचाकर बड़ा काम किया है। उन्होंने बताया कि जीवन रक्षक पदक पुरस्कार किसी व्यक्ति की जान बचाने में मानवीय प्रकृति के सराहनीय कार्य के लिए दिया जाता है। रविवार को जीटी रोड पर पहुंचने पर कांस्टेबल सुरेंद्र का सरपंच प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच रविंद्र पहल व ग्रामीणों ने



फूलमाला से स्वागत किया और गाड़ियों के काफिले के साथ तिरंगा लेकर गांव गुमड़ में घर पर पहुंचे।

कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार ने बताया कि मई 2022 में निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के क्षेत्राधिकार में बीटीपीएन वैगन में तकनीकी कारणों के चलते आग लग गई। वहां पर करीब 1 हजार लोग काम कर रहे थे। कुछ देर में आग ने विकराल रूप धारण किया अफरा तफरी का माहौल बन गया। उसके साथ कांस्टेबल जयपाल सिंह व कांस्टेबल बुद्ध सैनी भी ड्यूटी पर तैनात था। तीनों ने अपनी जान की परवाह किए बगैर अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ (नेफ्था) से भरे बीटीपीएन वैगन में आग को विकराल रूप लेते हुए आग बुझाने वाले यंत्र की मदद ली और आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि अगर आग पर काबू नहीं पाया होता तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। हजारों लोगों की जान को खतरा होता और अरबों रुपए की रेलवे संपत्ति को नुकसान होता। उनके इस सराहनीय कार्य के चलते माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में उन्हें जीवन रक्षक पदक से सम्मानित किया था।

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र पहल, नरेश कुमार, हरिओम पहलवान, काला उर्फ बिंदा पहलवान, कर्मबीर पहलवान, श्याम पहलवान, चांद वाल्मीकि, बॉबी, नरेश चंदेलिया, मुकेश सौदा, जितेंद्र रंगा, उमेद सिंह आदि मौजूद रहे।

**सम्मान**

8 हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि गुमड़ गांव के लाल सुरेंद्र कुमार ने देश सेवा के साथ लोगों की जान बचाकर बड़ा काम किया है

## न्यूज फ्लैश

### सोनीपत विधानसभा में "परिवार जोड़ो अभियान" के तहत लगातार बढ़ रहा आम आदमी पार्टी का कुनबा: देवेन्द्र गौतम



**सोनीपत:** नगर निगम वार्ड 14 के अंतर्गत बाबा कॉलोनी में आम आदमी पार्टी के परिवार "जोड़ो अभियान" के दौरान वार्ड 14 के अध्यक्ष नरेन्द्र की अध्यक्षता में दर्जनों परिवारों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम ने सभी का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया और कहा की सोनीपत लोकसभा में आम आदमी पार्टी का कुनबा लगातार बढ रहा है। शामिल होने वाले सभी कॉलोनी वासियों ने शीर्ष नेतृत्व को आश्वासत किया की वे सभी आम आदमी पार्टी व अरविन्द केजरीवाल जी की नीतियों को घर घर जाकर बताते हुवे नए परिवार को "परिवार जोड़ो अभियान" के तहत पार्टी से जोड़ेंगे ओर हरियाणा में 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। इस प्रोग्राम में पार्टी की तरफ से लोकसभा अध्यक्ष के साथ सोनीपत वार्ड 14 अध्यक्ष नरेन्द्र, शिक्षाविद सैल के जिलाध्यक्ष सतनारायण अंतिल, खरखौदा ब्लॉक अध्यक्ष रतनलाल ठेकेदार, मनोज लाकड़ा आदि साथी मौजूद रहे। इस दौरान सुनील, प्रदीप, वासिम, राम, मोहम्मद खालिद, धीर सिंह, हरिराम, विकास, संजय कुमार, पंकज, हरीश, मोहम्मद मोशीन खान, लखीराम, सत्यवान, सतबीर सिँह, हुक्मचंद, राधेशाम, राशिद आदि परिवार "परिवार जोड़ो अभियान" के तहत आम आदमी पार्टी में शामिल हुवे।

### विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कुण्डली व जाखौली में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का किया शुभारंभ



**सोनीपत:** राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने आयुष्मान भव: अभियान के अंतर्गत कुण्डली व जाखौली में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश के प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए आयुष्मान भारत व चिरायु योजना वरदान साबित हो रही है। आज देश व प्रदेश का गरीब व्यक्ति भी इस योजना का लाभ उठाकर आज अच्छे अस्पतालों में अपना अच्छे से ईलाज करवा रहा है। विधायक ने कहा कि जिन पात्र लोगों ने अब तक अपना आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया है उनके आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयुष्मान भव: अभियान चलाया गया है ताकि उनके घर द्वार पर जाकर उनके आयुष्मान कार्ड बनाए जा सके। उन्होंने कहा कि इसी अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव पहुंचकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उनकी बीमारियों का इलाज कर रही हैं। इस अभियान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को स्वस्थ रखने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सपने को साकार किया जा रहा है।

इस स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों की स्वास्थ्य की जांच करने के साथ-साथ पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए और विधायक ने लोगों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। इस मौके पर कुण्डली नगरपालिका की चेयरपर्सन शिमला देवी, मंडल अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, तरूण देवीदास, जाखौली मण्डल अध्यक्ष अरुण चौहान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# 'जरूरी स्थानों पर वाटर कूलर लगाएगी सेवा समिति



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** सेवा समिति रजिस्टर्ड सरार्फा बाजार अम्बाला शहर की मीटिंग आज प्रधान हरिकृष्ण शर्मा के घर इन्द्रपुरी अम्बाला शहर में सम्पन्न हुई। मीटिंग का शुभारम्भ गायत्री मंत्र से हुआ। समाज सेवा में अग्रणी सेवा समिति की ओर से शहर में निःशुल्क दो सिलाई सेंटर नए गांव व सैक्टर-8 में चल रहे हैं। ऐसे ही और कार्यों को करने बारे इस मीटिंग में चर्चा हुई।

समिति की ओर से जरूरी स्थानों पर वाटर कूलर लगाए जाने बारे भी चर्चा की गई। समिति महामंत्री रामलाल नारायण का आज जन्म दिन था।

# 'पीएम मोदी की नीतियों से देश को नया आयाम मिला'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

पीएम मोदी द्वारा मन की बात के 105वे एपिसोड का कार्यक्रम पानीपत के गणमान्य नागरिकों द्वारा मुलतान भवन पानीपत मे भाजप प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के साथ बड़ी स्क्रीन पर लाइव देखा गया। इस कार्यक्रम के संयोजक नगर सेवक लोकेश नागरू रहे। इस अवसर पर मोदी के मन की बात कार्यक्रम का विश्लेषण धनखड़ किया और कहा मोदी की नीतियों से देश को नया आयाम मिला है। अब देश गरीब से गरीब के साथ भी उनकी समस्याओं के समाधान के लिए जुटा है।कार्यक्रम के शुरूआत में जिला अध्यक्ष अर्चना गुप्ता और



गजेंद्र सलूजा ने प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत से किया उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया। भाजप प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ और कृष्ण लाल पंवार राज्यसभा एम पी ने दीप प्रजलवित कर के भारत माता , श्यामाप्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम की शुरआत की सुप्रसिद्ध उद्योगपति विनोद खंडेलवाल,विनोद धमीजा , सिया राम गुप्ता , प्रीतम सचदेवा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का शाल उड़ा कर स्वागत किया।

इस अवसर पर धनराज गुप्ता,अतुल मित्तल,अश्वनी मित्तल,जयभगवान, महेंद्र मुंजाल,सुनील तुली,तिलक राज, तरुण नागपाल, देवेंद्र दत्ता,विजय जैन, अशोक कटारिया,संजीव दहिया , चांद भाटिया, तरुण ,इंदु , मालती अरोड़ा आदि उपस्तिथ रहे।

**मन की बात**

8 अब देश गरीब से गरीब के साथ भी उनकी समस्याओं के समाधान के लिए जुटा है : धनखड़

# कुमारी शैलजा 36 विरादरी की सबसे लोकप्रिय नेता: ओमवीर

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**

**कांग्रेस** कार्यसमिति सदस्य एवं राष्ट्रीय महासचिव, छत्तीसगढ़ राज्य से कांग्रेस पार्टी की प्रभारी हरियाणा की भावी मुख्यमंत्री पद की लोकप्रिय नेता बहन कुमारी शैलजा का जन्मदिन म पानीपत के सोदापुर स्थित कुष्ठ आश्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता व समाजसेवी ओमवीर सिंह पवार के नेतृत्व में कुष्ठ रोगियों के बीच साथियो सहित पहुचकर मंदिर में पूजा अर्चना कर उनके स्वथ्य जीवन व दीर्घायु होने एव हरियाणा के कुशल नेतृत्व की भगवान से प्रार्थना की कांग्रेस नेता ओमवीर सिंह पंवार ने कहा कि आज हरियाणा में ही नही बल्कि पूरे देश मे पिछडो, शोषितों व वंचित समाज की कांग्रेस की सबसे



लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित हुई है आज हरियाणा की जनता भी उनको भावी मुख्यमंत्री के रूप में देख रही है क्योंकि कुमारी शैलजा सबको साथ लेकर चलने नेता है इसलिए वह एक हरियाणा को कुशल नेतृत्व देने सक्षम है । कुमारी शैलजा आज सभी को पछाड़ते हुये अपनी कार्यशैली से सभी वर्गों में सबसे प्रभावशाली व लोकप्रिय नेता के रूप स्थापित हुई है । ओमवीर सिंह पंवार ने साथियो सहित लोकप्रिय नेता बहन कुमारी शैलजा को जन्मदिन की बधाई सन्देश के साथ शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

इस अवसर पर उनके साथ कॉंग्रेस नेता मोहकम छोक्कर, डॉ सोहनलाल, नवीन शर्मा, अधिवक्ता अजय पवार, विकास कर्ण, राजबीर नारा, नर सिंह डागर, प्रदीप राणा, विकास अग्रवाल, सत्यपाल नरवाल, जसबीर राणा, पदम सिंह, रमेश डागर, लोकेश पवार संदीप सैनी, कुलवंत सिंह, रोहताश नूरवाला, उमेश तंवर, ओमप्रकाश भाखड़, कुलवंत बाल्मीकि, सुशील अटवाल आदि मुख्यरूप से काफी संख्या में साथीगण मौजूद थे ।

**जन्मदिन मनाया**

8 पूजा अर्चना कर उनके स्वथ्य जीवन व दीर्घायु होने एव हरियाणा के कुशल नेतृत्व की भगवान से प्रार्थना की

### संजय गर्ग के हाथों से कॉलर पिन ग्रहण कर शपथ ग्रहण की

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल ।** रोटरी क्लब नारनौल सिटी एवं रोटरी क्लब बेलाज की नई कार्यकारिणी 2023-2024 ने शनिवार शाम इंस्टॉलेशन सेरेमनी में शपथ ग्रहण कर विधिवत रूप से अपना नया कार्यकाल संभाला।

इंस्टॉलेशन सेरेमनी में नरेश गोगिया को प्रधान तथा विनोद चौधरी को सचिव पद की जिम्मेदारियां सौंपी गई।

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गर्वनर जितेन्द्र गुप्ता मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### राजस्थान की सत्ता में परिवर्तन लेकर आएगी सीकर रैली: डा. मनीष

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। 25** सितंबर की सीकर में पूर्व उपप्रधामंत्री चौधरी देवीलाल की जयंती पर प्रस्तावित किसान विजय सम्मान रैली में भाग लेने के लिए जिले से बसें भरकर भारी संख्या में महिलाओं का जत्था रवाना हुआ। यह जत्था रात्रि को सालासर धाम में देवी-देवताओं का दर्शन करेगा तथा अगली सुबह 25 सितंबर को सीकर के लिए रवाना हो जाएगा। यह जानकारी देते हुए जेजेपी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस रैली को लेकर आमलोगों खासकर महिलाओं में भारी जोश एवं उत्साह बना हुआ है।

# सुखबीर ने वार्ड 5 में की परिवार जोड़ो अभियान की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

आम आदमी पार्टी संयोजक एवं दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश अनुसार हरियाणा में सरकार बनाने के लिए हरियाणा में परिवार जोड़ो अभियान की शुरूआत की गई।

आम आदमी पार्टी प्रदेश ज्वाइंट सेक्रेटरी सुखबीर मलिक ने आज पानीपत ग्रामीण विधानसभा की वार्ड 5 मैं डोर टू डोर कैंपेन किया सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारी के साथ मिलकर घर-घर जाकर आम आदमी परियों के नीचे पर बारीकी से चर्चा की। वार्ड 5 की जनता में एक



अद्भुत उत्साह दिखा ।सुखबीर मलिक ने बताया जनता खुद ब खुद दिल्ली और पंजाब के बारे में चर्चा करती दिखी। 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार आना पूरी तरह जनता के हाथ में है जो की स्पष्ट दिख रहा है। सैकड़ो व्यक्तियों ने नाम और नंबर देकर अपनी रुचि दिखाई। इस मौके पर राज कुमार मुंडे, प्यारेलाल गुप्ता, सूरजभान राठी, संतोष शर्मा ,राजेंद्र राठी, वरिंदर आर्य, मुकेश शर्मा, कृष्ण मलिक, शीशपाल मलिक व बहुत से अन्य साथी शामिल हुए।

# संदीप गर्ग ने लगवाया हेल्थ चेकअप कैंप

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/पिपली(दलबीर मलिक)**स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने रविवार को गांव बजीदपुर में निःशुल्क हैल्थ चेकअप कैम्प व निःशुल्क आँखों का जाँच शिविर लगाया गया। कैम्प में भारी संख्या में ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य व अपनी आँखों की जाँच करवाई।

सरपंच विक्रम सिंह ने कहा कि जो यह समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा हल्के के प्रत्येक गाँवों में लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए हैल्थ चेकअप कैम्प लगाए जा रहे हैं। इससे ज्यादा सराहनीय कार्य कोई हो नहीं सकता। उन्होंने कहा कि सभी को समाजसेवी संदीप गर्ग के साथ



कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए और जो वह सामाजिक कार्य कर रहे हैं उसमें अपनी भागीदारी जरूर निभानी चाहिए। वहीं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य की तरफ ध्यान देना चाहिए और जो यह नि शुल्क हेल्थ कैम्प लगते हैं इनमें जाकर अपने स्वास्थ्य की जाँच अवश्य करवानी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कैम्प में 352 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य व आँखों की जाँच करवाई तो वहीं 192 लोगों को संदीप गर्ग द्वारा निःशुल्क चश्में वितरित किए गए। वहीं 26 लोगों के संदीप गर्ग द्वारा आँखों के ऑपरेशन भी करवाएं जाएंगे। मौके पर राजेश कुमार, प्रवेश कुमार, रविन्द्र कुमार, कुलदीप सिंह, गुरजीत सिंह, रामशरण, रमेश कुमार, नर सिंह, बलकार सिंह, सन्नी, तरुण, मुल्ख राज आदि मौजूद थे।

**कैंप का लाभ**

8 'सभी को समाजसेवी संदीप गर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए'

# त्योडा के सरकारी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय त्यौडा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया! जिसमें छठी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने मॉडल व पोस्टर्स बनाए। मुख्याध्यापक श्री ज्ञानचंद सैनी ने पर्यावरण तथा पेड़ पौधों के महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रदर्शनी बायोलॉजी प्राध्यापिका अंकिता तथा विज्ञान अध्यापक पंकज गौड़ की देखरेख में हुई।

**प्रदर्शनी**

8 छठी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने मॉडल व पोस्टर्स बनाए

# यज्ञ करने से ही होती है धार्मिक अनुष्ठान की सम्पूर्णता: डा. स्वामी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

विश्व शांति हेतू हवन-यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन

अम्बाला 24 सितम्बरः यज्ञ भगवान का साक्षात स्वरूप है। यह सद्विचार वृन्दावन भक्तिधार्म के परमाध्यक्ष डा. स्वामी अनुभवानंद गिरि जी महाराज वेदान्ताचार्य ने सिंघावाला रोड पर शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा आयोजित श्रीमदभागवत कथा के समापन के उपरान्त विश्व शांति हेतू हवन-यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। यज्ञ में पूर्णाहूति डालते हुए डा. स्वामी अनुभवानंद ने कहा कि किसी भी धार्मिक अनुष्ठान की सम्पूर्णता





तभी मानी जाती है जब हम यज्ञ करते हैं। यज्ञ को विधिवत करने पर परम पिता परमात्मा प्रसन्न होते हैं और वो अपना आशीर्वाद प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि आशीर्वाद में बहुत शक्ति होती है। प्रभु की प्रसन्नता और आशीर्वाद से जीव के समस्त मनोविकार नष्ट हो जाते हैं और उसमें धार्मिक भावना का संचार होता है। सद्कर्मों से जीव के मन में प्रभु के प्रति प्रेम उमड़ता है और मन में अटूट भक्ति उत्पन्न होती है। इस अवसर पर डा. स्वामी अनुभवानंद ने सभी धर्म प्रेमियों को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि खूब धार्मिक बनो और सद्कर्मों में भाग लो। खूब भजन करो और परमात्मा की कृपा सदा आप पर बनी रही।

# आदर्श कला रचनात्मक संगठन ने किया रामलीला के लिए पूजन

## पूरी विधानसभा में सबसे अव्वल होगी आदर्श नगर की रामलीलाः मास्टर जय किशन गोयल







**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर के रामलीला मैदान में प्रभु श्रीराम की लीला मंचन के लिए भूमि पूजन का आयोजन भव्य रूप में किया गया।
इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, पूर्व मंत्री मंगतराम सिंघल, आदर्श नगर वार्ड के निगम पार्षद और दिल्ली नगर निगम में नेता सदन मुकेश गोयल, जिला केशवपुरम भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल, पूर्व निगम पार्षद प्रमेश चौहान, पूर्व निगम पार्षद गरिमा गुप्ता, समाजसेवी अरूणोदय गुप्ता, प्रकाश चंद अग्रवाल, प्रसिद्ध समाजसेवी राकेश बंसल सहित बड़ी संख्या में





गणमान्य लोग मौजूद रहे।
**प्रभु श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर सभी चलेः** कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों ने कहा कि सभी को प्रभु श्री राम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य के मार्ग पर चलता है, उसे सफलता अवश्य ही मिलती है।
**मुख्य दृश्यों का कलाकारों ने किया मंचनः** भूमि पूजन के दौरान रामलीला के कलाकारों के द्वारा प्रभु श्रीराम की लीला के मुख्य दृश्यों पर मंचन किया गया।
मंचन के माध्यम से संदेश दिया गया कि सभी को सभी कार्य मयार्दा में रहते हुए ही करने चाहिए।
**अतिथियों का हुआ स्वागतः** रामलीला भूमि पूजन के दौरान रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का भव्य रूप में स्वागत किया और अतिथियों ने पदाधिकारियों संग विधि-विधान से पूजन भी किया।
**रामलीला मंचन के लिए होगी भव्य स्टेजः** कमेटी के प्रधान विरेन्द्र गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार की रामलीला में स्टेज को पिछले वर्ष की अपेक्षा और अधिक बड़ा बनाया जायेगा।
साथ ही एलईडी भी लगाई गई है।
**ये लोग रहे मौजूदः** कमेटी के चेयरमैन मास्टर जयकिशन गोयल, प्रधान विरेन्द्र गोयल, महासचिव तरूण गुप्ता, कमेटी के उपप्रधान में राजीव गोयल, अनिल अग्रवाल, अमित गुप्ता, हेमंत शर्मा, अश्वनी शर्मा और कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल सहित समस्त कार्यकारिणी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# वजीरपुर जेजे कॉलोनी के गुरूद्वारा चौक पर भंडारे का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है।इसी के अन्तर्गत रविवार को दिल्ली के वजीरपुर जेजे कॉलोनी इलाके के गुरूद्वारा चौक पर भाजपा मंडल के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, पूर्व निगम पार्षद ममता ढीका, मंडल अध्यक्ष भाजपा अमन ढीका, प्रमोद कश्यप जेजे सैल सहसंयोजक, जीवन लाल जिला संयोजक जेजे सैल, संजीव पाठक महामंत्री, महामंत्री जसवंत धिरान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रूपचंद यादव केएफए छात्रावास झंडेवालान का हुआ भूमि पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आज समाज में** आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। इसके अलावा कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा भी ऐसे परिवारों के लिए अपने हाथ बढ़ाया जा रहा है, ताकि समाज का हर तबका सशक्त बने। विशेषतौर पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को शिक्षित बनाने के लिए कई प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में दिल्ली के मोतिया खान झंडेवालान में कृष्णा फाउंडेशन फॉर ऑल ट्रस्ट द्वारा हॉस्टल के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। इस होस्टल का नाम चौ. रूप चंद यादव के.एफ.ए हॉस्टल दिया गया है, भूमि पूजन के मौके पर अलवर के सांसद और बाबा मस्त नाथ मठ के मठाधीश बाबा बालक नाथ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिन्होंने इस शुरूआत के लिए संस्था को बधाई





का पात्र बताया। इस मौके पर संस्था के तमाम पदाधिकारी भी उपस्थित हुए। डॉ. जे एस यादव (चेयरमैन), सुशील कुमार यादव (सचिव), चौ. शिवजनम यादव (कोषाध्यक्ष) के साथ ही संस्था से जुड़े काफी संख्या में ट्रस्टी व अन्य सदस्य उपस्थित हुये। साथ ही यादव समाज कई वर्तमान व पूर्व प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित होकर इस अतुलनीय कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की।
कार्यक्रम का आयोजन चौधरी रूपचंद जी यादव के पुत्र व पेटर्न व चेयरमैन होस्टल वर्किंग कमेटी चंद्रशेखर यादव ने किया। इस छात्रावास के लिए पूरे विधि विधान के साथ मंत्रोच्चारण के साथ हवन और यज्ञ किया गया। साथ ही विभिन्न देवी देवताओं को साक्षी मानते हुए आहुति भी दी गई। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि जल्द से जल्द इस हॉस्टल को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि ये हॉस्टल जरूरतमंदों के लिए काम आ सके। पदाधिकारियों ने बताया कि देश के विकास के लिए सबसे जरूरी है युवाओं को शिक्षित बनाया जाए और कोई भी शिक्षा से वंचित ना रह जाए यही एकमात्र संस्था का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस छात्रावास के माध्यम से सिविल सेवा की तैयारी कर रहे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मदद प्रदान की जाएगी।

# श्रद्धांनद कॉलोनी में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली** विधानसभा क्षेत्र के अतंगर्त आने वाले इलाके श्रद्धानंद कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा से पहले भव्य रूप में कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा के दौरान सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब, कथा वाचक लवकुश पांडेय, अशोक माथुर, राजबीर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।
**लोगों ने कलश यात्रा का फूलों की वर्षा से किया स्वागतः** कलश यात्रा की शुरूआत कथा स्थल से हुई। यह यात्रा कई गलियों से होते हुए वापसी कथा स्थल पर पहुंची। इस दौरान श्रद्धानंद वासियों ने कलश यात्रा का फूलों की वर्षा से स्वागत





किया।
**सच्चे मन से करें प्रभु की भक्तिः** सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने कहा कि सभी को सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें।
**कथा का श्रवण ध्यानपूर्वक करेंः** कथा वाचक लवकुश पांडेय ने बताया कि सभी को कथा का श्रवण ध्यानपूर्वक करना चाहिए और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारें।



विराज चौहान को जन्मदिन पर आशीर्वाद देते हुए उनके माता-पिता सविता और राजकुमार।

# केवल पार्क में रामलीला मंचन के लिए हुआ भूमि पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**दिल्ली** के केवल पार्क स्थित रामलीला ग्राउंड में प्रभु श्रीराम की लीला के मंचन के लिए भूमि पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री आदर्श कला केन्द्र, रामलीला कमेटी केवल पार्क के द्वारा किया गया।
इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा, निगम पार्षद मुकेश गोयल, पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, धीरपुर वार्ड की निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, पैरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल, पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया, पूर्व निगम प्रत्याशी अनुराग गर्ग, पूर्व जिला







अध्यक्ष रोशन कंसल, सिकन्दर पाल मखीजा, मोहन गर्ग, विनोद गर्ग, राम लाल उनियल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।
**सजनपाल गर्ग ने की थी रामलीला की शुरूआतः** आपको बात दें कि श्री आदर्श कला केन्द्र रामलीला कमेटी, केवल पार्क की शुरूआत स्वर्गीय सजनपाल गर्ग ने की थी और आज वह हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनकी यादें और उनके कार्य इस रामलीला के रूप में आज भी हमारे बीच मौजूद है।
इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन शर्मा ने बताया कि आज प्रभु श्री राम की लीला मंचन के लिए केवल पार्क रामलीला मैदान में भूमि पूजन का आयोजन किया गया। मैं रामलीला कमेटी की पूरी टीम को बधाई देता हूं।
**कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य का पदाधिकारियों ने किया स्वागतः** प्रभुश्री राम की लीला के लिए किये जा रहे भूमि पूजन में आये हुए गणमान्य लोगों का रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।
**लीला की कुछ झलकियों पर हुआ मंचनः** भूमि पूजन के बाद रामलीला के कलाकारों के द्वारा प्रभु श्री राम की लीला के कुछ दृश्यों का मंचन किया गया।
**15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक किया जायेगा लीला का मंचनः** कमेटी के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन 15 अक्टूबर 2023 से प्रारंभ होगा और यह 25 अक्टूबर तक चलेगा।
**लीला देखने के लिए बच्चों को भी साथ लायेः** कमेटी के पदाधिकारियों ने अभिभावको से अपील करते हुए कहा कि लीला स्थल पर अपने साथ अपने बच्चों को भी लाये, जिससे की बच्चे भी प्रभु श्री राम के जीवन से अवगत हो सके।
**ये लोग रहे मौजूदः** इस मौके पर रामलीला कमिटी के प्रधान विनोद तायल, महासचिव हरीश भारद्वाज, कोषाध्यक्ष बलबीर गुप्ता सहित समस्त कार्यकारिणी के लोग मौजूद रहे। सभी ने आये हुए अतिथियों का स्वागत-सम्मान किया।

# दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है मोदी सरकार: गुर्जर



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि दिव्यांगजनों को मोदी सरकार द्वारा मुख्यधारा में जोड़ने का हर संभव प्रयास कर रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर आज रविवार को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण कंपनी, नवादा सेक्टर- 110 ए, में भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की एडिप एवं वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक हेतु जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा एलिम्को की भागीदारी के साथ दिव्यांग कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दिव्यांगजनों और वयोश्री को भारत सरकार की योजनाओं के तहत आपको आपकी जरुरत के हिसाब से निःशुल्क उपकरण देने का कार्यक्रम आज यहाँ आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली है तबसे दिव्यांगों के लिए अनेक योजनाएं मोदी सरकार ने बनाई है और दिव्यांगजन हमारे समाज का बहुत महत्वपूर्ण अंग है। इनको किसी की दया की जरुरत नहीं होती। इनको जरुरत होती है तो सिर्फ प्यार से की जाने वाली सहायता की। आज से चार पांच साल पहले एक बेटी ने जो की 80 प्रतिशत दिव्यांग होते हुए भी देश की सबसे सर्वश्रेष्ठ यूपीएससी की परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया था। दिव्यांजन में प्रतिभा की भी कोई कमी नहीं होती। खेलों के क्षेत्र में अगर हम ओलंपिक में चार पदक जीत कर लाते है तो पैरा ओलंपिक में इससे ज्यादा पदक दिव्यांगजन लेकर आते है। दिव्यांगजन में अद्भुत क्षमताएं है। इनकी क्षमताओं का उपयोग देश हित में हो इसके लिए उनकी सभी जरूरतों को पूरा किया जाए। उन्होंने कहाकि जितना भी दिव्यांगों और बुजुर्गो के लिए जो सामान बनता है पहले यह सब कानपुर में बनकर सब जगह भेजा जाता था और यह सब सामान फरीदाबाद में बन रहा है और यहाँ से दूसरी जगह भी भेजा जा रहा है। मोदी सरकार ने 2016 में एक कानून पास करवा कर सात तरह की दिव्यांगता को बढ़ाकर 16 तरह की दिव्यांगता किया ताकि किसी भी तरह से दिव्यांग व्यक्ति हो उसको भारत सरकार की योजनाओ का लाभ मिल सके। दिव्यांग जनों के नौकरियों में 3 से 4 प्रतिशत आरक्षण बढ़ाकर उनके बैकलॉग को पूरा किया है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी दिव्यांग जनों के आरक्षण को बढ़ाकर 3 से 5 प्रतिशत करने का काम किया है और दिव्यांग जनों के सर्विस बैकलॉग को 100 प्रतिशत भरकर पूरा किया गया है। मोदी जी की सोच है जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति को हम मजबूत नहीं करेंगे देश मजबूत नहीं हो सकता। मोदी जी अपना जन्मदिन सेना, दिव्यांगजन और आदिवासी क्षेत्रों में जाकर मानते है। मोदी जी ने जर्मनी और इंग्लैंड की कंपनियों से समझौता किया की जैसे जर्मनी और इंग्लैंड में आधुनिक हाथ पैर, इलेक्ट्रोनिक व्हीलचेयर, कानो की मशीन वहां बनती है अब इंग्लैंड और जर्मन की तर्ज पर दिव्यांग जनों के लिए वहीं इलेक्ट्रोनिक व्हील चेयर और अन्य सहायक उपकरण अब देश में नवादा में ही बनाए जा रहे हैं। पहले 80 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता वाले व्यक्ति को कही आने जाने के लिए किसी न किसी सहायक की जरुरत पड़ती थी। अब 80 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांता वाले व्यक्ति को बैटरी वाली साइकिल दी जा रही है ताकि वह स्वयं बिना किसी की मदद के कही भी आ जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांग जनों के लिए सुगम्य भारत अभियान के तहत रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट सहित तमाम शौचालय पर भी रैंप बना कर उन्हें स्वावलंबी बनाने का काम किया है। फरीदाबाद जिला में भी लगभग छह लाख रुपये की धनराशि के प्रति कोकलियर इंप्लांट सैकड़ों युवाओं को लाभ मिला है और देश में हजारों युवाओं इसका फायदा ले चुके हैं और वे जीवन की मुख्यधारा में जी रहे हैं। दिव्यांगजनों को सशक्त, स्वावलम्बी एवं समावेशी वातावरण प्रदान करने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत एलिम्को द्वारा दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए परीक्षण शिविरों का आयोजन किया गया था। जिसमें कुल 843 लाभार्थियों में 243 दिव्यांगजन तथा 640 वरिष्ठ नागरिकों को चिन्हित किया गया था। योजना के अंतर्गत इन चिन्हित लाभार्थियों को लगभग 78,36 लाख रुपये की धनराशि के 3706 सहायक उपकरण का वितरण किया गया। शिविर में एडिप और आर.वी.आई के वितरित किए जाने वाले कुल सहायक उपकरणों में 73 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 53 ट्राईसाइकिल, 85 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 05 ब्रेल किट, 37 वाकर, 09 सी.पी. चेयर, 138 बैसाखी, 488 वॉकिंग स्टीक (छड़ी), 543 बी.टी.आई (कान की मशीन), 01 स्मार्ट केन, 12 सुग्मय केन, 06 स्मार्ट फोन, 02 कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स, 14 ट्राइपॉड, 06 टेटापोड, 455 चश्मे, 129 चेयर स्टूल कमोड के साथ, 950 नी ब्रेस, 109 सर्वाइकल कोलर, 30 स्पाइनल स्पोर्ट, 554 एल.एस. बेल्ट, 09 फुटवियर शामिल हैं। कार्यक्रम में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण कंपनी के प्रबंधक हरीश कुमार, वाइस चेयरमैन हरियाणा रेड क्रॉस श्रीमती सुषमा गुप्ता, जिला रैडक्रास के सचिव बिजेन्द्र सोरोत, जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़खल विधानसभा में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सीनियर सिटीजन ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया

**बीजेपी जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा के कार्यालय पर निशुल्क हेल्थ जांच कैंप के लाभ के साथ ही लोगों ने पीएम मोदी के मन की बात को सुना**



**फरीदाबाद, 24 सितम्बर (हरपाल सिंह यादव )।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एन आई टी दो स्थित 2छ /62 बांग्ला प्लॉट एनआईटी फरीदाबाद बीजेपी कार्यालय में बीजेपी जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सहयोग के रूप में अमृता हॉस्पिटल के द्वारा लोगों को फ्री जांच सेवा दी गई। कैंप के दौरान पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमे बड़खल विधानसभा से काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया एक तरफ लोग अपने बॉडी की जांच करा रहे थे वही दूसरी और मन की बात कार्यक्रम के तहत लोगो पीएम मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुन रहे थे। कैंप में ऑर्थोपेडिक, पैड न्यूरॉलजी, बीपी, कार्डियोलॉजी, एनसीवी ईसीजी, शुगर सहित कई बीमारियों को लेकर 250 से ज्यादा खासकर सीनियर सिटीजन ने निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का लाभ उठाया। इस मौके पर बीजेपी जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा ने कहा की आज बड़े ही सौभाग्य की बात है की एक तरफ मुफ्त शारीरिक जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है वही दूसरी और देश के यशश्वी प्रधानमंत्री के मन की बात के तहत उनके विचारों को सुनने का मौका मिल रहा है । हम सभी का केवल एक ही उद्देश्य है की समाज में अंत्योदय के तहत अंतिम व्यक्ति तक जरूरी लाभ पहुंचे । एन आई टी 2 छ/ 62 बीजेपी कार्यालय पर इसके अलावा सरकार के कई लाभकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद तक पहुंचाने के लिए टीम बैठाई गई है। जो की अंतिम छोर के व्यक्ति को उसका हक मिले इसके लिए कार्य कर रही है कोई भी आकार रोजगार के लिए लोन अप्लाई कर सकता है कैंप में गोस्वामी श्याम लाल जी, सुमन बाला, संजय शर्मा ,सनी भाटिया, अमित आहूजा, सुशील मेहंदीरता, यशपाल जयसिंह, राजकुमार वोहरा रमेश भाटिया, सुदेश भाटिया बलविंदर खत्री, योगेंद्र झाम आशा रानी सहित काफी संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

### क्राइम ब्रांच 56 ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 2 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह व उनकी टीम ने चोरी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पीयूष तथा उमेश का नाम शामिल है जो पल्ला एरिया के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए समयपुर चुंगी के पास नाका लगाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था जिसमें आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई जो उन्होंने जुलाई महीने में सारण एरिया से चोरी की थी। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी बहुत ही शातिर अपराधी है जिनके खिलाफ दिल्ली और फरीदाबाद में स्नैचिंग, चोरी तथा अवैध हथियार के 7 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी उक्त मुकदमों में कई बार जेल की सजा भी काट चुके हैं परंतु जेल से बाहर आने के पश्चात फिर से चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## पलवल: भाजपा और कांग्रेस भी बयानों पर आमने-सामने

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल** कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लेकर दिए गए बयान पर सियासत गरमा गई है। उदयभान के बयान को लेकर भाजपा ने होडल में रविवार को शांति मार्च निकाला। पलवल जिले के तीनों विधायकों की अगुवाई में शांति मार्च निकाला गया। वहीं इसके जवाब में कांग्रेस द्वारा भी होडल में ही प्रदेशाध्यक्ष उदयभान के आवास पर सरकार के खिलाफ भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी के संसद में दिए बयान और महिला आरक्षण बिल को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

# कुलपति डॉ. राज नेहरू को मिला महर्षि गुरु वशिष्ठ अवार्ड

योगदान

**8 कौशल शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए अभ्येति फाउंडेशन ने दिया अवार्ड**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू को अभ्येति फाउंडेशन द्वारा महर्षि गुरु वशिष्ठ अवार्ड से नवाजा गया है। फाउंडेशन की संस्थापक निदेशक सीमा भटनागर, सलाहकार रजत सक्सेना और जेईसी ग्रुप के निदेशक ललित सरावगी ने उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया। कुलपति डॉ. राज नेहरू को यह अवार्ड कौशल शिक्षा के क्षेत्र एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में अभूतपूर्व योगदान के लिए दिया गया। इससे पूर्व भी कुलपति डॉ. राज नेहरू को अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के कई अवार्ड हासिल हो चुके हैं। वह देश के पहले राजकीय कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति हैं और देश में उच्च शिक्षा में स्किल एजुकेशन का मॉडल स्थापित करने का श्रेय उन्हीं को जाता है। यह अवार्ड प्रदान करते हुए अभ्येति फाउंडेशन की संस्थापक निदेशक सीमा भटनागर ने कहा कि कौशल गुरु के रूप में डॉ. राज नेहरू ने अभूतपूर्व काम किया है। युवाओं को हुनर देकर रोजगार के साथ जोड़ने की दिशा में उनका मॉडल आज देश ही नहीं दुनिया में सराहा जा रहा है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस अवॉर्ड के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर उन्होंने 'एसेंशियल लाइफ स्किल फॉर ए सक्सेसफुल करियर' विषय पर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पहले अपनी प्रतिभा और अभिरुचियों को पहचाना होगा और फिर उसी के अनुरूप अवसर पहचानने की क्षमता विकसित करनी होगी। फिर कोई भी चुनौती उसके करियर में बाधा खड़ी नहीं कर सकती। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि अपने भीतर कौशल विकसित कर कोई भी विद्यार्थी सफलता की उड़ान भर सकता है। हर विद्यार्थी में कोई न कोई कौशल अवश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हुनर है तो कद्र है।

# बलजीत कौशिक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने दी कुमारी सैलजा को जन्मदिन की बधाई



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता आज अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा और छत्तीसगढ़ की प्रभारी कुमारी सैलजा के दिल्ली स्थित निवास पर पहुंचे और उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बलजीत कौशिक ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और मिठाई खिलाई तथा उनकी दीघायु की कामना की। बलजीत कौशिक ने कहा कि कुमारी सैलजा राष्ट्रीय राजनीति में अपनी अलग ही पहचान रखती है, राजनीति में जहां पर कदम रखा एक छत्र राज किया, कांग्रेस में जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई उसका ईमानदारी से पालन किया, वे राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की प्रभारी रही और आज छत्तीसगढ़ की प्रभारी है। प्रदेश की राजनीति में आज वो सबसे बड़ा चेहरा है। कांग्रेस में आज उनका कद इतना बड़ा है कि उन्हें मुख्यमंत्री पद का दावेदार माना जा रहा है।

## कैथल में सैनिक के बेटे को अमेरिका भेजने के नाम ठगा

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल** पति पत्नी ने एक पूर्व सैनिक से उसके बेटे को अमेरिका भेजने के नाम पर 38.40 लाख रुपए ठग लिए। ढांड पुलिस ने गांव पबनावा निवासी कृष्ण कुमार की शिकायत पर सेक्टर-06 अर्बन एस्टेट करनाल निवासी आरोपित संजीव शर्मा और उनकी पत्नी ममता के विरुद्ध ढांड थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। सेना से हवलदार के पद से सेवानिवृत्त कृष्ण कुमार ने शिकायत में बताया कि इस समय वह सिंचाई विभाग में कार्यरत है। उसका बेटा लक्ष्य 12वीं पास है और बेरोजगार है। वह नौकरी के लिए अमेरिका जाना चाहता था।

# फरीदाबाद पुलिस ने चलाया सफाई अभियान, कार्यालय, थाना चौकी और क्राइम ब्रांच में की गई सफाई



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य द्वारा सभी पुलिस थाना व कार्यालय को साफ सुथरा रखने के दिशा निर्देश के तहत आज फरीदाबाद पुलिस द्वारा सफाई अभियान चलाकर थानों व कार्यालय को में साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने कहा कि स्वच्छता कोई काम नहीं है, बल्कि, ये एक अच्छी आदत है जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिये अपनाना चाहिये। स्वच्छता पुण्य का काम है जिसे जीवन का स्तर बढ़ाने के लिये, एक बडी जिम्मेदारी के रुप में हर व्यक्ति को इसका अनुकरण करना चाहिये। हमें साफ सुथरी वर्दी के अलावा अपने आस-पास की स्वच्छता, और कार्यस्थल की स्वच्छता के साथ- साथ पर्यावरण की स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए ।साफ-सफाई हमारे जीवन की प्राथमिकता होनी चाहिए है। जहां स्वच्छता है वहा अच्छा स्वास्थ्य है। इससे हम कई बिमारियो से मुक्ति पा सकते हैं। स्वच्छता तन और मन दोनों की खुशी के लिए आवश्यक है। सभी लोगों को अपनी दिनचर्या में सफाई को अवश्य शामिल करना चाहिए। गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है नकारात्मक प्रभाव छोड़ती है। स्वच्छता से मन प्रसन्न रहता है और वहां पर ईश्वर का वास होता है। हमें अपने घर के अलावा आसपास की स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए। इधर-उधर कचरा ना फे-के, हमेशा कूड़ेदान का प्रयोग करे। स्वच्छता को अपनी जीवन शैली में शामिल करके अपने घर, समाज और राष्ट्र की स्वच्छता को बढ़ावा दे। खुद भी साफ सफाई रखे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। पुलिस आयुक्त के निर्देश के तहत सभी पुलिसकर्मी अपने कार्यालय को साफ रखेंगे साथ ही पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण को भी स्वच्छ किया जाएगा। साफ सफाई अभियान के क्रम में आज फरीदाबाद पुलिस के युनिटो ,थानों चौकियों और कार्यालय में सफाई अभियान चलाया गया।

# 13 वर्षीय लापता नाबालिग बच्ची को यूपी से किया सकुशल बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देशन में लोगों की समस्याओं का जल्द से जल्द निपटान की प्रक्रिया लगातार जारी है। इसी के तहत सेक्टर 11 पुलिस ने लापता एक 13 वर्षीय लड़की को उनके परिजनों तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। 16 अगस्त को पुलिस चौकी सेक्टर 11 में पुलिस को शिकायत मिली कि पीड़िता की 13 वर्षीय बहन 15 अगस्त की शाम 4:00 बजे किसी को बिना बताए घर से कहीं चली गई है। उसने बताया कि उसने अपनी बहन को आसपास के सभी जगह तलाश कर लिया है परंतु उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं मिली है। वह काफी समय से उसकी तलाश कर रहे हैं। लड़की की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल और एसीपी सिटी बल्लभगढ़ मनीष सहगल के मार्गदर्शन में तुरंत मुकदमा दर्ज कर गुमशुदा की तलाश शुरू कर दी थी। जो गुमशुदा लड़की की तलाश के लिए अलग-अलग टीम बनाई गई और मिसिंग सेल, साइबर सेल की मदद ली गई। जो दिनांक 22 सितंबर को सहायक उप निरीक्षक समय सिंह और मुख्य सिपाही मनोज कुमार की टीम ने गुमशुदा लड़की को कासना, उत्तर प्रदेश से सकुशल बरामद कर लिया। गुमशुदा लड़की को बरामद कर फरीदाबाद लाया गया जहां लड़की के सीडब्लुसी व लीगल एड के समक्ष 164 सीआरपीसी के बयान दर्ज कराए गए। इसके बाद पुलिस ने लड़की को सकुशल उसके परिजनों की हवाले किया।
लड़की को वापस आकर परिजन बहुत खुश हुए और उन्होंने पुलिस टीम द्वारा की गई कड़ी मशक्कत के लिए उनका तहे दिल से धन्यवाद किया।

# भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने सुनी मोदी जी के मन की बात



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "मन की बात" कार्यक्रम को भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने फरीदाबाद के सभी शक्तिकेंद्रों और बूथों पर फरीदाबाद की जनता के साथ सुना । फरीदाबाद विधानसभा के सैक्टर-15 सामुदायिक भवन में आयोजित "मन की बात कार्यक्रम" में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री, आदरणीय तरुण चुग, फरीदाबाद से विधायक नरेन्द्र गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा और राष्ट्रीय महामंत्री भाजयुमो रोहित चहल, जिला विस्तारक मनजीत सिंह जांगड़ा, अजरौंदा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहनी, मंडल महामंत्री संदीप बंसल, सुरेन्द्र सांगा, शक्तिकेंद्र प्रमुख नीरज चावला और सैंकड़ों भाजपा कार्यकताओं के साथ सुना। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने बहुत उत्साह से मन की बात कार्यक्रम को सुना और उन्होंने कहा कि मोदी जी की मन की बात कार्यक्रम के लिए जनता में विशेष उत्साह रहता है और हर महीने आखिरी रविवार को देश की जनता बड़े चाव से मोदी की मन की बात को सुनती है । मोदी के मन से निकली बात सीधी जनता के मन तक पहुंचती है और इस कार्यक्रम के माध्यम से देश की जनता मोदी से सीधा जुडाव महसूस करती है। आज हर भारतवासी गर्व के साथ कहता है कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के सर्वश्रेष्ठ नेता हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ भारत को जो दूरदर्शी नेतृत्व मिला है, उससे भारत सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध हो चला है। मोदी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार द्वारा चलाई जाने वाली सभी योजनाओं में गरीब, वंचित, शोषित, पीड़ित, दलित, महिला और युवा के हित के लिए कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। जी-20 का सफल आयोजन, चन्द्र यान की सफलता, नारी शक्ति वंदन 33% आरक्षण को कानून बनाना आदि हाल ही के ऐसे महत्वपूर्ण विषय है, जिन्होंने भारत का पूरे विश्व में मान बढाया है । गोपाल शर्मा ने बताया कि हमारे सभी वरिष्ठ नेताओं, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, राजेश नागर, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड़, पूर्व प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी,अनुशासन समिति की प्रदेश अध्यक्षा नीरा तोमर, स्थानीय निकाय प्रदेश सह संयोजक देवेन्द्र चौधरी, महापौर सुमन बाला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोहनपाल सिंह, ओमप्रकाश रेक्सवाल, जिला महामंत्री मूलचन्द मित्तल, आर.एन सिंह, जन प्रतिनिधियों और भाजपा के सभी प्रदेश, जिला और मंडल, शक्तिकेंद्र व बूथ स्तर तक के कार्यकताओं ने किसी ना किसी बूथ पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और मोदी जी की मन की बात को सुना ।

# पुल का स्पीलर गिरने से बच्चों की हालत गंभीर



**पलवलटीम एक्शन इंडिया** पलवल में रसूलपुर रेलवे फ्लाई ओवर की स्लीपर अचानक से गिर गई। इस दौरान वहां से गुजर रहा एक बच्चा इसकी चपेट में आ गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने रविवार को उसके पिता की शिकायत पर ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।
मिली जानकारी के अनुसार बडौली (हाल हरिनगर) निवासी अजीपाल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनके घर के रास्ते में रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य काफी समय से चल रहा है। फरीदाबाद निवासी कंवरजीत सिंह जो पुल निर्माण कार्य का ठेकेदार है, वह नियमों को ताक पर रखकर कार्य करा रहा है। अजीपाल ने कहा कि इन दिनों वह बीमार चल रहा है। अपने 10 वर्षीय बेटा रवि के साथ वह रिया मेडिकल स्टोर पर दवा लेने जा रहा था। दोनों पिता-पुत्र निमार्णाधीन रेलवे ओवर ब्रिज के साथ बनी सड़क से गुजर रहे थे। उसका बेटा उससे कुछ आगे चल रहा था। उसी दौरान पुल को बनाने वाली साइड में मसाले की खड़ी की गई। स्लीपर अचानक उसके बेटे पर गिर पड़ी। इससे उसे गंभीर चोटें आई।

फास्ट न्यूज

## महिला से एक करोड़ 12 लाख की ठगी मामले में चार गिरफ्तार

**रांची:** रांची के सुखदेव नगर थाना पुलिस ने एक करोड़ 12 लाख की ठगी मामले में चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में नवादा बिहार निवासी ज्योतिष कुमार, मोहन कुमार , अजीत कुमार और सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के इरगु टोली निवासी नीरज कुमार शामिल है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 85 एटीएम कार्ड, 23 स्मार्ट फोन, 18 बैंक पासबुक , एक मॉडम, करीब एक लाख रुपया नगद , दो कार,तीन बाइक, एक लाख 39 हजार नगद बरामद किया गया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अपराध शाखा एनार्कुलम केरल में 26 जुलाई को शोभा मेनन ने एफआईआर दर्ज कराया था। दर्ज एफआईआर में बताया गया था कि डेढ़ करोड़ की लॉटरी लगने के नाम पर कॉल कर महिला से एक करोड़ 12 लाख की ठगी की गई है। अपराध शाखा एनार्कुलम केरल के पदाधिकारी और सुखदेव नगर थाना पुलिस एवं तकनीकी शाखा की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर चारों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि लोगों को लॉटरी निकालने और अन्य तरह के प्रलोभन का झांसा देकर साइबर ठगी करते हैं। अपराधियों ने बताया कि ठगी का पैसा अकाउंट में ट्रांसफर करने के लिए विभिन्न राज्यों में जाली कागजातों के आधार पर बैंक अकाउंट खुलवाते हैं इन्हीं अकाउंट में ठगी का पैसा ट्रांसफर करवा कर रांची के विभिन्न एटीएम से पैसे की निकासी करते हैं। इस गिरोह के कुछ सदस्य विभिन्न राज्यों में अकाउंट खुलवाकर प्रति बैंक अकाउंट 20 हजार अतिरिक्त पैसा लेते हैं। एक माह में इन अपराधियों की ओर से ठगी का करीब 70 से 75 लाख रुपए की निकासी इनके पास से बरामद बैंक खाता से किया गया है।

## पुलिस ने आंगन को खोदकर दफनाया महिला का शव निकाला

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
**ककवन** थाना क्षेत्र के उड्डा गांव में रविवार को घर के आंगन से खोदकर एक महिला का शव निकाला गया। महिला का पति हत्या के बाद शव को दफनाकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर इन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि ककवन के उड्डा गांव के लोगों ने रविवार सुबह सूचना दी कि गांव के ही निवासी घनश्याम के घर का दरवाजा कुछ दिनों से बंद है।

# मप्र में कोटवारों का मानदेय होगा दोगुना: शिवराज

### स्वास्थ्य बीमा का लाभ भी मिलेगा: मुख्यमंत्री शिवराज

**तोहफा**

**8 कोटवार महासम्मेलन में शामिल हुए, सेवानिवृत्ति पर एक लाख रुपये राशि देने समेत की कई घोषणाएं**



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को भोपाल के लाल परेड मैदान पर कोटवारों के महासम्मेलन में अनेक घोषणाएं की। उन्होंने कोटवारों की मानदेय राशि में दोगुना तक वृद्धि की घोषणा करते हुए कहा कि कोटवारों के वेतन में हर साल न्यूनतम 500 रुपये की वृद्धि की व्यवस्था की जाएगी। ऐसे कोटवार जिनके पास सेवाभूमि नहीं है, उन्हें 4000 रुपये मासिक मिलते हैं। अब उन्हें 8000 रुपये मासिक मिलेंगे। जिन कोटवारों को 1000 रुपये मिलते हैं, उन्हें बढ़ाकर 2000 और जिन्हें 600 रुपये मिलते हैं, उन्हें 1200 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि 10 एकड़ तक की सेवाभूमि वाले कोटवारों को भी न्यूनतम 1000 रुपये मानदेय दिया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री चौहान ने कोटवार महासम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री मंच से उतरे और पुष्पवर्षा कर कोटवारों का स्वागत किया। उन्होंने मंच से कोटवारों का अभिनंदन करते हुए कहा कि ग्राम देवताओं जैसे होते हैं। जिस तरह ग्रामदेवता की पूजा के बिना कोई काम शुरू नहीं होता, उसी तरह कोटवारों की जानकारी के बिना गांवों में कोई काम आगे नहीं बढ़ता। उन्होंने कहा कि आप प्रशासन के लिए कर्णधार हैं। आपके पास गाँव की सभी जानकारी होती है, जिसके आधार पर कई कार्य सहजता से संपन्न हो जाते हैं। कोटवार गाँव के चलते-फिरते गूगल हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कोटवारों पर सौगातों की बरसात करते हुए कहा कि मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूं और इस परिवार का मुखिया होने के नाते हर वर्ग के सुख-दुख का ध्यान रखना मेरा धर्म है। उन्होंने यह घोषणा भी कि कि सभी कोटवारों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। कोटवारों की वर्दी का रंग भी अब खाकी होगा। कोटवारों को सेवानिवृत्ति पर अब एक लाख रुपये धनराशि प्रदान की जाएगी। हर कोटवार को सीयूजी मोबाइल सिम दी जायेगी और रिचार्ज की व्यवस्था भी शासन द्वारा किया जायेगा।

## बीजेपी को आ रही है सीएम चेहरा घोषित करने में शर्म: शिवराज

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**कांग्रेस** के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि बीजेपी को सीएम का चेहरा घोषित करने में शर्म आ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा शिवराज को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करती है। अमित शाह, मोदी आएंगे तो किसके पक्ष में बोलेंगे। पार्टी का बोलेंगे लेकिन शिवराज के चेहरे पर नहीं बोलेंगे, यह दुख की बात है। कमलनाथ ने मोदी के भोपाल से जुड़े सवाल के जवाब में यह बात कही। वे आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित साहू तेलिक राठौर समाज के कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां कार्यक्रम से पहले पत्रकारों से चर्चा के दौरान कमलनाथ ने कई अन्य मुद्दों पर भी अपना जवाब दिया। सरकार के बार बार कर्ज लेने पर उन्होंने कहा कि सरकार ने कितने ठेके दिए हैं। कितना एडवांस दिया है उसका हिसाब लगा लीजिए। सब ओपन है, कितनी रिश्वत ली है। मेरे पास पूरी जानकारी है। पाकिस्तान प्रेम के पोस्टर पर उन्होंने कहा कि मेरे राजनीतिक करियर में किसी ने उंगली नहीं उठाई है। इनको तो अब पाकिस्तान, खालिस्तान, अफगानिस्तान मिल जाएगा। ये लोग असलियत से ध्यान मोड़ना चाहते हैं। मेरे नाम से इनके पेट में दर्द होता है। कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची से जुड़े सवाल पर नाथ ने कहा कि सूची आती रहेगी, हम अभी इशारा कर देंगे। कल दिल्ली में भी बैठक है। वैसे भी बहुत जानकारी तो मिल ही जाती है।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित डी.ए.वी पी.जी कॉलेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 105वें संस्करण को सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डी.ए.वी पी.जी कॉलेज के स्मार्ट लाइब्रेरी स्थापना के कार्यों का शुभारंभ भी किया।

## 'राजस्थान के सभी उच्च विद्यालय जुड़ेंगे डिजिटल शिक्षा से'

**टीम एक्सन इंडिया/बीकानेर**
**राज्य के शि**क्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला ने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में प्रदेश के समस्त उच्च माध्यमिक विद्यालयों को आईसीटी से जोड़ कर डिजिटल शिक्षा की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। राज्य सरकार द्वारा अब तक 22 हजार स्कूलों में एल ई डी टीवी उपलब्ध करवाए गए हैं। डिस्काम गेस्ट हाउस में रविवार को शिक्षा विभाग तथा सम्पर्क फाउंडेशन द्वारा आयोजित एल ई डी वितरण कार्यक्रम में डॉ कल्ला ने 9 स्कूलों को डिजीटल टीवी और मय कन्टेंट डिवाइस सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा में डिजिटल प्रयोग से सुदूर क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाओं में क्रांति आ सकेगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि विषय शिक्षा को भी डिजिटल क्लासरूम के माध्यम से मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे दूर दराज के क्षेत्रों में तकनीकी विषयों के पाठ्यक्रम का अपडेटेड कंटेंट भी विद्यार्थियों को उपलब्ध हो सकेगा।

## घोड़ा लाइब्रेरी का जिक्र राज्यवासियों का उत्साहवर्धन करने वाला: महेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**प्रदेश** अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से शिक्षा से सेवा विचार रखने वाली घोड़ा लाइब्रेरी के जिक्र को राज्यवासियों का उत्साहवर्धन करने वाला बताया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 105 वें एपिसोड को व्यापक जनसहभागिता के साथ प्रदेश भर में बूथ स्तर पर सुना। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने जसपुर के बूथ नं. 37 पर बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ इस कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज इस कार्यक्रम में नैनीताल के दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संचालित घोड़ा लाइब्रेरी का जिक्र समूचे देश के सामने किया। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ भाव से दर्जनों गांवों के बच्चों के मध्य ये युवा, इस चलती फिरती लाइब्रेरी को निशुल्क संचालित कर रहे हैं। घोड़ा लाइब्रेरी का जिक्र प्रदेशवासियों और देशवासियों को ऐसे शैक्षिक सामाजिक कार्यों को करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। पर्यटन के विभिन्न आयामों और किसी भी राज्य की आर्थिकी में पर्यटन व्यवसाय के योगदान को समझाया, उसका लाभ अन्य प्रदेश की तरह उत्तराखंड को भी अवश्य मिलेगा।

## जनता को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अटूट विश्वास: मौर्य

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में अटूट विश्वास है। यूपी में लोकसभा की 80 सीटों पर जीत दर्ज कर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ता और जनता तैयार है। केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार स्वरोजगार



सृजन के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में अमृत सरोवर' योजना के माध्यम से जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन, सिचाई, कृषि कार्यों को गति दी जा रही है।

## वन्दे भारत एक्सप्रेस में गूंजा वन्दे मातरम

**टीम एक्शन इंडिया/उदयपुर**
वंदे भारत एक्सप्रेस में रविवार को वंदे मातरम का जय घोष खूब गूंजा। पीएम मोदी के हरी झंडी दिखाने के साथ उदयपुर के सिटी रेलवे स्टेशन से जैसे ही वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना हुई, वंदे मातरम का जय घोष गूंज उठा। गाड़ी में सवार यात्रियों ने भी जमकर वंदे मातरम का जयघोष लगाया।राजस्थान की तीसरी वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाई। दोपहर 12:30 बजे सिटी रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम शुरू हुआ जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, जनता और यात्री शामिल हुए। राजस्थान समेत तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में रेल कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 9 वंदे भारत ट्रेनों का शनिवार को शुभारंभ हुआ। उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर हुए कार्यक्रम में उदयपुर सांसद अर्जुनलाल मीणा, चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी भी मौजूद थे। रेलवे के अनुसार उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस सुविधाओं और कवच तकनीक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित है। इसमें वातानुकूलित श्रेणी के एक एग्जीक्यूटिव एवं सात कुसीर्यान कोच शामिल हैं।

## एक किलो गोबर से बन रही पांच हजार रुपये तक की एंटीरेडिएशन चिप: सर्वजीत

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौ सेवा के अवध प्रांत प्रमुख सर्वजीत ने कहा कि गांव से शहर में गौ सेवा का कार्य तेजी से बढ़ा है। हमारे गौ सेवा के कार्यकर्ता दिनरात मेहनत कर गोबर से गौ उत्पाद बना रहे हैं। एक किलो गोबर से पांच हजार रुपये तक का एंटीरेडिएशन चिप बनाया जा रहा है। एक किलो गोबर का उपयोग कर धूपबत्ती बनायी जाये तो उसकी कीमत ढाई हजार से कम नहीं होगी। लखनऊ पश्चिम के बुद्धेश्वर नगर में सीएम पैराडाइज के सभागार में आयोजित पंचगव्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वजीत ने कहा कि उत्तर प्रदेश देशी गाय की 16 प्रजाति है। जय ललिता देवी, राधा और लक्ष्मी स्वरूपा गाय है। गाय में आठ लक्ष्मी स्वरूप का वास है। गोबर से लिपा हुआ घर पॉजिटिव एनर्जी देता है। पहले के वक्त में घर गोबर से लिपा होता था। पंचगव्य से मानव चिकित्सा संयोजक वेद गुप्ता ने कहा कि पोषक किरणें शरीर को चाहिए। जब विटामिन डी की कमी होती है तो उस व्यक्ति को धूप में बैठने के लिए कहा जाता है। गाय के गोबर के कंडे का उपयोग शुगर को कम करने के लिए किया जाता रहा है। वात, पित्त, कफ को गोमूत्र से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संकल्प लेकर गौमूत्र का सेवन करें। गौमूत्र का सेवन करने से उदर से जुड़ी तमाम बीमारी नहीं होती है।

**योजना** अभी तक साढ़े तीन हजार से अधिक किसानों के खेतों में तालाब खुद चुके है

## बुन्देलखंड में खेत तालाब योजना किसानों के लिए बनी लाइफ लाइन

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर**
**हमीरपुर समेत बुन्देलखंड के ग्रामीण इला**कों में खेत तालाब योजना अब किसानों के लिए लाइफ लाइन बन गई है। पिछले छह साल पहले शुरू इस योजना में अभी तक साढ़े तीन हजार से अधिक किसानों के खेतों में तालाब खुद चुके है। वहीं इस साल खेत तालाब की डिमांड को देखते डिपार्टमेंट ने आठ सौ नए तालाब खेतों में खुदवाने की तैयारी की है। खेतों में पानी से लबालब तालाबों को देख किसान ही नहीं अधिकारियों के भी चेहरे खिल उठे है। बुन्देलखंड के चित्रकूट



धाम मंडल के हमीरपुर समेत अन्य ग्रामीण इलाकों में वर्ष 2015-16 से सरकार ने खेत तालाब योजना शुरू की थी। इस योजना का उद्देश्य है कि गांवों में गिरते भूगर्भ जलस्तर को सुधारने के लिए खेत तालाब योजना मील का पत्थर साबित होगी। खेत तालाब योजना को लेकर शुरू में किसानों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी लेकिन कुछ ही साल में पूरे क्षेत्र में खेत तालाब योजना की डिमांड किसानों में शुरू हो गई। हालांकि अब यह योजना प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई के नाम से चलाई जा रही है। जिससे किसानों के खेत अब संवरने लगे है। यहां के किसान भी इस योजना को खूब पसंद कर रहे है। क्योंकि जिन किसानों के खेतों में सरकारी मदद से तालाब खुदवाए गए है वहां भूगर्भ जलस्तर के सरकने पर ब्रेक लगा है। सुमेरपुर क्षेत्र के पत्योरा गांव के कुलदीप सिंह चंदेल ने बताया कि कई साल पहले प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत खेत में किसानों ने तालाब खुदवाया। अच्छी बारिश होने से तालाब पानी से भर गये है।

